दैनिक
करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली। शनिवार 19 अप्रैल-2025 | ● वर्ष : 10 अंक : 119 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3

मुर्शिदाबाद हिंसा के विरोध में

करणी सेना ने लखनऊ में सीएम ममता का पुतला फूंका

लखनऊ। पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में हाल ही में हुई हिंसक घटनाओं के विरोध में करणी सेना ने लखनऊ में जोरदार प्रदर्शन किया। संगठन के

कार्यकर्ताओं ने हजरतगंज क्षेत्र में एकत्रित होकर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और उनका पुतला फूंका। इस प्रदर्शन ने मुर्शिदाबाद की घटना को लेकर देशभर में व्याप्त आक्रोश को और भी मुखर कर दिया।

करणी सेना के कार्यकर्ताओं का आरोप है कि मुर्शिदाबाद में हिंदू समुदाय के लोगों पर हमले किए गए और उनकी संपत्तियों को नुकसान पहुंचाया गया। उनका दावा है कि राज्य सरकार ने इन घटनाओं पर उचित कार्रवाई नहीं की, जिसके कारण अपराधियों के हौसले बुलंद हुए हैं। प्रदर्शनकारियों ने पश्चिम बंगाल सरकार पर सांप्रदायिक हिंसा को बढ़ावा देने का आरोप लगाया और पीड़ित परिवारों को न्याय दिलाने की मांग की।

हजरतगंज में करणी सेना के प्रदर्शन के दौरान भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके। प्रदर्शनकारियों ने हाथों में बैनर और झंडे लेकर ममता बनर्जी और पश्चिम बंगाल सरकार के खिलाफ नारे लगाए। उन्होंने राज्य सरकार पर तुष्टिकरण की राजनीति करने का आरोप लगाया और केंद्र सरकार से इस मामले में हस्तक्षेप करने की मांग की।

बार सचिव पद पर 66 मतों से विजयी हुए अमित नेहरा

हरेंद्र गौतम के पक्ष में पड़े 965 वोट

गाजियाबाद, करंट क्राइम : शुक्रवार को बार एसोसिएशन गाजियाबाद में सचिव पद के लिए पुनः मतदान हुआ। इस मतदान में अमित नेहरा और हरेंद्र गौतम के बीच करीबी मुकाबला देखने को मिला।

जिसमें बार एसोसिएशन सचिव पद पर 66 मतों से अमित नेहरा ने विजय हासिल की। तो वहीं हरेंद्र गौतम के पक्ष में कल 965 वोट पड़े हैं। चुनाव अधिकारी राम अवतार गुप्ता ने जानकारी दी है कि शुक्रवार को बार सचिव पद के लिए हुए पुनः मतदान में कुल 2014 अधिवक्ताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया। जिसमें 14 वोट इनवैलिड हो गए थे।

अमित नेहरा के विजई होने पर अधिवक्ताओं ने उन्हें बधाई दी और मुंह मीठा करा कर स्वागत किया। तो खुद बार एसोसिएशन के अध्यक्ष दीपक शर्मा अपने साथियों के साथ बार सभागार पहुंचे व विजयी सचिव को सर्टिफिकेट दिवाया।

अधिवक्ताओं ने विजयी होने पर दी बधाई

कुल 2014 अधिवक्ताओं ने किया था मताधिकार का प्रयोग

करंट क्राइम : चुनाव अधिकारी एवं वरिष्ठ अधिवक्ता राम अवतार गुप्ता ने जानकारी दी है कि बार सचिव पद के लिए कुल 2014 वोट डाले गए। जिसमें से 14 वोट इनवेलिड पाए गए। तो वहीं कुल 2010 मतपत्र बरामद किए गए थे। जिनकी गिनती के बाद रात करीब 8 बजे से पहले ही बार सचिव पद पर विजयी हुए अमित नेहरा को 66 मतों से विजयी घोषित किया गया।

बार चुनाव के मद्देनजर सुबह से ही कचहरी परिसर में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था। इस दौरान शांतिपूर्वक चुनाव संपन्न कराया गया।

दिनभर पुलिस बल रहा तैनात

करंट क्राइम : शुक्रवार को गाजियाबाद बार एसोसिएशन में सचिव पद के लिए पुनः मतदान हुआ। पुनः मतदान को लेकर सुबह से ही कचहरी परिसर में भारी संख्या में कवि नगर थाना से पुलिस फोर्स यहां तैनात किया गया था। साथ ही लोकल इंटेलीजेंस भी नजर रखने का काम कर रही थी। वहीं वरिष्ठ अधिकारी भी नजरें रखे हुए थे।

लोकल इंटेलीजेंस भी नजर रखने का काम कर रही थी।

पुलिस कमिश्नर जे रविंद्र गौड़ ने छुट्टी के दिन भी की जनसुनवाई

सबसे पहले पहुंचे दफ्तर, किया निरीक्षण और शाम को ली क्राइम मीटिंग

- रविवार को छोड़ प्रतिदिन सुबह 10 से 12 बजे तक करेंगे जनसुनवाई

- पुलिस ऑफिस का किया निरीक्षण, तो यूपी-112 में भी पहुंचे

गाजियाबाद, करंट क्राइम : गाजियाबाद के नए पुलिस कमिश्नर जे रविंद्र गौड़ शुक्रवार को गुड फ्राइडे का अवकाश होने के बावजूद भी पुलिस ऑफिस स्थित अपने नए कार्यालय में पहुंचे और वह सुबह समय से पहले पहुंचे। यहां पहुंचने के बाद उन्होंने पुलिस ऑफिस के कई भवनों और कक्षों का निरीक्षण किया।

इसके बाद जनसुनवाई की और फिर पुलिस लाइन स्थित यूपी-112 के कार्यालय पहुंचकर वहां का निरीक्षण किया। वहां से लौट के बाद उन्हें जनसुनवाई में बैठे और फरियादियों की समस्या सुन अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। वहीं पुलिस कमिश्नर ने दैनिक करंट क्राइम से बात करते हुए बताया है कि वह प्रतिदिन सुबह 10 बजे से लेकर 12 बजे तक जनसुनवाई के लिए अपने पुलिस ऑफिस स्थित कार्यालय में पहुंचेंगे। वह रविवार के सिवा अन्य दिन जनसुनवाई अवश्य करेंगे। साथ ही उन्होंने पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में चार्ज लेने के दूसरे ही दिन पुलिस कमिश्नरेट के सभी गजेटेड अधिकारियों के साथ ही थाना प्रभारियों को बुलाकर क्राइम मीटिंग भी की है और उन्हें आने वाले दिनों में किस प्रकार से काम करवाना है, इसके दिशा-निर्देश दिए गए हैं। साथ ही गंभीर अपराध के मामलों में पुलिस को प्राथमिकता के आधार पर कार्य करना है, यह भी उनके द्वारा स्पष्ट निर्देशित किया गया है।

प्रतिदिन 10 से 12 सीपी करेंगे जनसुनवाई

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नर जे रविंद्र गौड़ ने जानकारी दी है कि वह प्रतिदिन पुलिस ऑफिस स्थित अपने कार्यालय में सुबह 10 बजे से 12 बजे तक रविवार को छोड़ जनसुनवाई करेंगे। इस दौरान उनके पास जो फरियादी आएंगे, उनकी समस्याओं का निवारण और किस प्रकार से उन्हें न्याय मिल सके, इसकी सुनवाई की जाएगी। हालांकि जनसुनवाई में तैनात पुलिसकर्मियों को निर्देश दिया गया है कि कोई भी व्यक्ति अंदर मोबाइल चालू करके ना आने पाए और किसी प्रकार की फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी नहीं हो।

पहले किया पुलिस ऑफिस का निरीक्षण, फिर पहुंचे यूपी-112

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नर आईपीएस अधिकारी जे रविंद्र गौड़ सुबह 10 बजे से पहले ही अपने कार्यालय पहुंच गए थे। उन्होंने वहां सबसे पहले ग्राउंड फ्लोर पर बने अलग-अलग कायालयों का निरीक्षण किया। तो प्रथम तल पर बनी कोर्ट से लेकर मॉनिटरिंग सेल सहित अन्य सेल व भावनाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ एडिशनल सीपी कल्पना सक्सेना, एसीपी कार्यालय, रिजर्व पुलिस लाइन प्रभारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

सभी पुलिसकर्मियों को मर्यादित भाषा का प्रयोग करने का आदेश

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नर ने अपने अधीनस्थ अधिकारियों को निर्देशित किया है कि थाना प्रभारियों से लेकर चौकी प्रभारी, बीट पर काम करने वाले पुलिसकर्मियों से लेकर अन्य वर्किंग स्टाफ को फरियादियों से लेकर अन्य लोगों से मर्यादित भाषा करने का निर्देश दिया है। कहा गया है कोई भी तू, तुम आदि शब्दों का इस्तेमाल न करें। पुलिसकर्मियों को अपनी भाषा शैली सुधारने का भी निर्देश दिया गया है।

जनप्रतिनिधियों को थाने पर पिलाई जाए चाय

करंट क्राइम : नए पुलिस कमिश्नर ने जहां क्राइम मीटिंग के दौरान पुलिस कर्मियों को अपने वर्किंग स्टाइल के बारे में अवगत कराया है। तो वही थाना प्रभारियों और अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि जनप्रतिनिधि अगर थाने पर आए, तो उनको चाय पिलाई जाए। साथ ही पार्षद या किसी दल का अध्यक्ष या पदाधिकारी पहुंचे तो उसके साथ भी बेहतर व्यवहार किया जाए। वहीं उन्होंने पुलिसकर्मियों को निर्देशित किया है कि सभी पुलिसकर्मी अपना बेहतर देने का प्रयास करें।

शिकायती पत्रों पर हो काम

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नर ने क्राइम मीटिंग के दौरान अधीनस्थों को निर्देश किया है की जनसुनवाई बेहतर बनाई जाए। इसके साथ ही थानों पर आने वाले शिकायती पत्रों पर काम हो। साथ ही एसीपी स्तर से लेकर डीसीपी भी समय-समय पर इन शिकायती पत्रों की जांच करें और देखें की इन शिकायतों का निस्तारण कितना और किस स्तर तक किया गया है।

राकेश टिकैत समेत 25 लोगों पर सोनिया वाटर रेगुलेटर प्लांट बलवे में चार्जफ्रेम, 30 अप्रैल को पुलिस पेश करेगी साक्ष्य

विशेष एमपी-एमएलए कोर्ट में चल रहा है पुराना मामला

गाजियाबाद, करंट क्राइम : गाजियाबाद की विशेष एमपी-एमएलए कोर्ट ने एक पुराने मामले में किसान नेता राकेश टिकैत सहित 25 लोगों पर चार्ज फ्रेम किया गया है। इस मामले में एक वर्तमान विधायक, एक पूर्व मंत्री और तीन पूर्व विधायक शामिल हैं। इस मामले में अगली तारीख 30 अप्रैल को लगी है। जिसमें गाजियाबाद पुलिस इस पूरे मामले के सबूत पेश करेगी। बता दें कि वर्ष 2014 में राष्ट्रीय लोकदल के तात्कालिक राष्ट्रीय अध्यक्ष अजीत सिंह के दिल्ली स्थित आवास खाल करवाए जाने के बाद विरोध में किसानों, राष्ट्रीय लोकदल के नतेाओं व पदाधिकारियों और भारतीय किसान यूनियन के नेताओं ने मुरादनगर में सोनिया वाटर रेगुलेटर प्लांट पर प्रदर्शन किया था। इस दौरान आरोप है कि इन लोगों ने पुलिस पर हमला किया। बलवा हुआ और कई पुलिसकर्मी सहित नेता घायल हुए थे। इस मामले की सुनवाई में शुक्रवार को किसान नेता राकेश टिकैत सहित 25 लोगों पर चार्ज फ्रेम किया गया है। तो वहीं अगली तारीख 30 अप्रैल तय की गई है।

30 अप्रैल को फिर होगी सुनवाई

करंट क्राइम : इस पूरे मामले में आरोपियों के वकील चौधरी अजय वीर सिंह के अनुसार प्रदर्शन के दौरान पुलिसकर्मियों ने प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज किया और उन्हीं पर मुकदमा दर्ज किया गया। जिसमें कई नेता घायल भी हुए थे। उन्होंने जानकारी दी है कि पुलिस के पास कोई ठोस सबूत नहीं है। तो वहीं इस मामले में कोर्ट ने अगली सुनवाई की तारीख 30 अप्रैल तय की है। इस दिन पुलिस को अदालत के सामने सभी साक्ष्य पेश करने होंगे, फिर आगे की कार्रवाई होगी।

विधायक योगेश धामा से लेकर पूर्व मंत्री दलबीर सिंह का है आरोपियों में नाम

करंट क्राइम : आरोपियों के वकील चौधरी अजय वीर के अनुसार पुलिस ने गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए राष्ट्रीय लोकदल और किसान नेताओं के साथ ही किसानों पर मुकदमा दर्ज किया था। जिसमें वर्तमान विधायक योगेश धामा, पूर्व मंत्री दलबीर सिंह, पूर्व विधायक सुदेश शर्मा, वीरपाल लाठी, भगवती प्रसाद और वर्तमान चेयरमैन अमरपाल सिंह बिड्डी का नाम शामिल है। हालांकि बचाव पक्ष के वकील का कहना है कि पुलिस के पास कोई ठोस सबूत नहीं है। कोर्ट में अगली सुनवाई 30 अप्रैल को होगी। जिसमें पुलिस को इन आरोपियों के खिलाफ साक्ष्य प्रस्तुत करने होंगे।

राकेश टिकैत बोले, अब देश में नहीं होगा कोई किसान आंदोलन

देश में बड़ी संख्या में बन रहे किसान संगठनों से हो रहा है किसानों का नुकसान, केंद्र सरकार किसान संयुक्त मोर्चा से नहीं करती बात

गौरव शशि नारायण

गाजियाबाद, करंट क्राइम : भारतीय किसान यूनियन और किसान संयुक्त मोर्चा के प्रमुख फेस राकेश टिकैत शुक्रवार को गाजियाबाद कोर्ट पहुंचे। वह यहां पुराने मामले की सुनवाई में आए थे। इसके बाद निकलते हुए उन्होंने दैनिक करंट क्राइम से खास बातचीत की। जिसमें किसान नेता राकेश टिकैत ने कहा है कि अब देश में कोई भी बड़ा किसान आंदोलन नहीं होगा, क्योंकि केंद्र सरकार किसान संयुक्त मोर्चा से बात नहीं करती है। देशभर में प्रत्येक राज्य और बड़े शहरों में अलग-अलग किसान संगठन बनाए जा रहे हैं। किसान संगठन अधिक बनने से किसानों का ही नुकसान हो रहा है। साथ ही उन्होंने कहा है कि गन्ना किसानों और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के किसानों का भी भला नहीं हो रहा है। उनसे जब बीते दिनों वक्फ बोर्ड के केंद्र सरकार के फैसले और सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी पर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि उन्होंने वक्फ और हिंदू-मुस्लिम पर बोलने के के लिए खुद को बैन करते हुए मौन कर लिया है। साथ ही किसान नेता राकेश टिकैत ने कहा कि वक्फ और हिंदू-मुस्लिम का मुद्दा ही ब्लैक लिस्टेड कर दिया जाना चाहिए। राकेश टिकैत ने केंद्र सरकार पर भी आरोप लगाते हुए कहा है कि वह किसानों का भला नहीं सोच रही है और पश्चिमी उत्तर प्रदेश से लेकर देश के कई राज्यों के किसान इन दिनों बेहद परेशान हैं। शुक्रवार को राकेश टिकैत गाजियाबाद आए हुए थे, जहां उन्होंने **दैनिक करंट क्राइम** के **वरिष्ठ संवाददाता** से विस्तार से बातचीत की। प्रस्तुत है बातचीत के प्रमुख अंश।

टिकैत बोले हम हिंदू-मुस्लिम और वक्फ की नहीं फसलकारियों की बात करेंगे

सवाल : देश में इन दिनों किस प्रकार का माहौल चल रहा है और प्रमुख मुद्दे क्या रह गए हैं?

❐ वर्तमान समय में देश में माहौल केवल हिंदू और मुस्लिम का बना हुआ है। किसानों के और आम आदमी के मुद्दे गायब हो चुके हैं। पार्टी कोई भी हो वह हिंदू-मुस्लिम में फंसी हुई है और जनता को उसी में उलझाया हुआ है। जिस वजह से प्रमुख विषयों और किसानों की समस्याओं पर चर्चा ही नहीं हो रही है।

सवाल : बीते दिनों वक्फ पर बिल पास हुआ और फिर सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी इस पर क्या कहेंगे ?

❐ मैंने इन दिनों वक्फ और हिंदू- मुस्लिम के मामले पर बोलने के लिए खुद पर बैन लगा रखा है। साथ ही इस विषय को तो ब्लैकलिस्टेड कर देना चाहिए, इस पर किसी की राय लेना और देना ठीक नहीं है। यह पूरी तरीके से देश और राजनीति का मामला है, इस पर मुझे कुछ नहीं कहना है।

सवाल : आप पश्चिम उत्तर प्रदेश से जुड़े हैं। बीते दिनों एक विधायक और सरकारी तंत्र का बड़ा विवाद हुआ, उसपर क्या कहना है ?

❐ इस मामले में मेरा या किसानों का कोई मतलब नहीं है। यह सरकार और अधिकारियों का मामला था, जो अब निपट गया है। इसलिए इस पर मेरी राय उचित नहीं रहेगी।

सवाल : टिकैत जी देशभर में किसानों के अलग-अलग संगठन बन रहे हैं, इसको कैसे देखते हैं आप?

❐ देखिए ज्यादा किसान संगठन बनने से किसानों का ही नुकसान हो रहा है। लोग आपस में बंट रहे हैं। अलग-अलग संगठनों के अलग-अलग स्थानीय मुद्दे होते हैं और उसमें वह भटक जाते हैं। मेरा मानना है कि देशभर में किसानों के अलग-अलग संगठन बनने से फायदा कम और नुकसान ज्यादा हो रहा है।

सवाल : संयुक्त किसान मोर्चा ने जिस तरीके से बड़ा आंदोलन किया था, क्या फिर कोई तैयारी है?

❐ देखिए अब देश में कोई भी बड़ा किसान आंदोलन नहीं होगा। सरकार नहीं चाहती कि किसी प्रकार से बातचीत हो। साथ ही किसान संगठन भी अपने-अपने विषय में भटके हुए हैं। रही गन्ना किसानों की बात तो किसान गन्ना उगा चुका है, काट रहा है और आगे की तैयारी कर रहा है।

सवाल : क्या आपको लगता है किसानों का एमएसपी वाला मुद्दा पूरा होगा और यह कैसा चल रहा है?

❐ देखिए एमएसपी वाला मुद्दा सरकार ने ही कमजोर किया है। संयुक्त किसान मोर्चा ने प्रमुखता के साथ इसकी लड़ाई लड़ी थी। सरकार को बड़ा आंदोलन करके दिखाया था लेकिन सरकार अब फसलवादियों को आंदोलनवादी बनने पर मजबूर करती है, पर जिस तरीके के हालात इन दिनों देश में बने हुए हैं, मुद्दों से भटकाकर अन्य विषयों में उलझाया जा रहा है। उसे देखकर नहीं लगता कि सरकार को फसलवादियों की चिंता है।

सवाल : किसानों ने अब तक लंबी लड़ाई लड़ी है। क्या लग रहा है कितनी सफलता मिलेगी ?

❐ किसानों ने लड़ाई लंबी लड़ी है। यह भी सच बात है, आगे भी लड़ाई लड़ेंगे। पर जिस तरीके से सरकार का रवैया और प्लान है वह समझ नहीं आता कि किसानों के हक की बात उनकी परेशानी और मजबूरी को समझने का काम होगा भी या नहीं। इसलिए भविष्य में क्या होता है और क्या नहीं अभी कहना बहुत ही मुश्किल नजर आ रहा है।

सीबीआई ने मेहुल चोकसी के खिलाफ मांगा गैर जमानती वारंट

बेल्जियम में 12 अप्रैल को गिरफ्तार कर लिया गया मेहुल

भगोड़े हीरा कारोबारी मेहुल चोकसी को बेल्जियम में गिरफ्तार किए जाने के कुछ दिन बाद सीबीआई ने मुंबई की एक अदालत से केनरा बैंक से जुड़े धोखाधड़ी के एक अन्य मामले में उसके खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी करने का अनुरोध किया है। उक्त मामले में चोकसी और अन्य पर केनरा बैंक के नेतृत्व वाले कंसोर्टियम से 55.27 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने का आरोप है।

मुंबई। भगोड़े हीरा कारोबारी मेहुल चोकसी को बेल्जियम में गिरफ्तार किए जाने के कुछ दिन बाद सीबीआई ने मुंबई की एक अदालत से केनरा बैंक से जुड़े धोखाधड़ी के एक अन्य मामले में उसके खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी करने का अनुरोध किया है।

उक्त मामले में चोकसी और अन्य पर केनरा बैंक के नेतृत्व वाले कंसोर्टियम से 55.27 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने का आरोप है। पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) में 13 हजार करोड़ रुपये के ऋण धोखाधड़ी मामले में संलिप्तता के प्रमुख आरोपित मेहुल चोकसी को भारतीय जांच एजेंसियों के प्रत्यर्पण के अनुरोध के बाद बेल्जियम में 12 अप्रैल को गिरफ्तार कर लिया गया।

गैर जमानती वारंट जारी करने का अनुरोध : केनरा बैंक धोखाधड़ी मामले की जांच कर रही सीबीआइ ने बुधवार को यहां विशेष सीबीआई अदालत से उसके खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी करने का अनुरोध किया। न्यायाधीश वीपी देसाई ने इस मामले को मजिस्ट्रेट अदालत के समक्ष भेजते हुए कहा कि उनकी अदालत को इस मामले में सुनवाई का अधिकार नहीं है।

छत्तीसगढ़ : सुकमा में सुरक्षा बलों के सामने 22 नक्सलियों ने किया सरेंडर, नौ महिलाएं भी शामिल

डीआईजी (सीआरपीएफ) आनंद सिंह राजपुरोहित ने कहा कि नौ महिला नक्सलियों समेत 22 नक्सलियों ने आज आत्मसमर्पण कर दिया है। इनमें से दो नक्सलियों पर 8 लाख रुपये का इनाम है, जबकि दो अन्य पर 5-5 लाख रुपये का इनाम है।

सुकमा। छत्तीसगढ़ के सुकमा में नौ महिला नक्सलियों समेत 22 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया है। डीआईजी (सीआरपीएफ) आनंद सिंह राजपुरोहित ने कहा कि नौ महिला नक्सलियों समेत 22 नक्सलियों ने आज आत्मसमर्पण कर दिया है। इनमें से दो नक्सलियों पर 8 लाख रुपये का इनाम है, जबकि दो अन्य पर 5-5 लाख रुपये का इनाम है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से इलाके में सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है और कैंप बनाए जा रहे हैं, साथ ही सरकार की पुनर्वास नीतियों से प्रभावित होकर नक्सली आत्मसमर्पण कर रहे हैं।

राजपुरोहित ने कहा कि हमें उम्मीद है कि आज आत्मसमर्पण करने वाले सभी लोग मुख्यधारा में शामिल होकर समाज के लिए बेहतर काम करेंगे। आत्मसमर्पण करने वाले 22 नक्सलियों में पांच-पांच लाख रुपए के इनामी किकिड़ देवे (30) और मनोज उर्फ दूधी बुधरा (28) तथा दो-दो लाख रुपए के इनामी माड़वी भीमा (30), माड़वी सोमड़ी (48), संगीता (24), माड़वी कोसी (24), वंजाम सन्नी (24), माड़वी मंगली (35) और ताती बंडी (35) शामिल हैं। वहीं नक्सली पुनेम जोगा पर 50 हजार रुपए का इनाम है। सभी आत्मसमर्पित नक्सलियों को शासन की नई पुनर्वास नीति के तहत 50-50 हजार रुपए प्रदान किया गया है। उन्हें अन्य सुविधाएं भी प्रदान की जाएंगी।

इससे पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को कहा था कि भारत में सिर्फ चार जिलों तक सीमित नक्सलवाद को अगले साल 31 मार्च तक खत्म कर दिया जाएगा और सीआरपीएफ इस मिशन की रीढ़ है। वह मध्यप्रदेश के नीमच जिले में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के 86वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, नक्सलवाद भारत में सिर्फ चार जिलों तक सीमित रह गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि 31 मार्च 2026 तक देश से यह समस्या खत्म हो जाएगी। सीएपीएफ (केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल) और सीआरपीएफ, खासकर इसकी कोबरा बटालियन देश से नक्सलवाद को खत्म करने में अहम भूमिका निभा रही है।

'जाट' के चर्च सीन पर विवाद

सनी देओल और रणदीप हुड्डा के खिलाफ केस दर्ज

धार्मिक भावनाओं को आहत करने का आरोप

नई दिल्ली। सनी देओल की फिल्म जाट बॉक्स ऑफिस पर ताबड़तोड़ कमाई कर रही है। लेकिन फिल्म को लेकर एक विवाद भी खड़ा हो गया है। जालंधर के थाना सदर में सनी देओल, रणदीप हुड्डा, विनीत कुमार के अलावा डायरेक्टर गोपीचंद मालिनीनी और प्रोड्यूसर नवीन मालिनीनी के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने की धारा 299 बीएनएस के तहत केस दर्ज हुआ है। मूवी 10 अप्रैल को रिलीज हुई थी।

जालंधर के रहने वाले गांव फोलड़ीवाल के निवासी विकल्फ गोल्ड के बयानों के आधार पर मामला दर्ज किया गया है। बीते दिनो ईसाई समुदाय की तरफ से जाट मूवी में प्रभु यीशु मसीह की बेअदबी को लेकर पुलिस कमिश्नर के दफ्तर के बाहर प्रदर्शन किया था। अधिकारियों को मामला दर्ज करवाने का मांग पत्र भी दिया था। पुलिस को शिकायत में आरोपी ने कहा कि जाट मूवी में प्रभु यीशु मसीह के सलीब वाले दृश्य की नकल करके ईसाई भाईचारे की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाया गया है।

संजय नगर रामलीला कमेटी विवाद का डिप्टी रजिस्ट्रार ने किया निस्तारण

वर्मा पक्ष के हक में जारी किया आदेश

गाजियाबाद, करंट क्राइम। संजय नगर की श्रीआदर्श धार्मिक रामलीला कमेटी के वर्षों से चले आ रहे विवाद का निस्तारण अब डिप्टी रजिस्ट्रार ऋषभ अग्रवाल के आदेश जारी करने के बाद होता दिख रहा है। बृहस्पतिवार को डिप्टी रजिस्ट्रार ने एक आदेश जारी करते हुए कहा कि विरेंद्र बाबू वर्मा कमेटी के अंतिम निर्विवादित अध्यक्ष है। क्योंकि 2014 के विरेंद्र बाबू वर्मा की चुनावी कारवाई को दोनों पक्षों ने पत्रावली में दर्ज कराया है। तथा इसके बाद कमेटी का कोई भी चुनाव ना तो मूल अभिलेख में पाया गया है और ना ही पत्रावली में दर्ज है। इसके आधार पर डिप्टी रजिस्ट्रार ऋषभ अग्रवाल ने जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्वाचन अधिकारी नियुक्त करते हुए प्रशासनिक देखरेख में जल्दी ही चुनाव कराने के आदेश जारी कर दिये है। इस आदेश के बाद पिछले रविवार को क्षेत्रीय पार्षद पप्पू नागर को अध्यक्ष घोषित करना भी स्वतः ही निरस्त समझा जा रहा है।

कमेटी के चुनाव का आदेश जारी होने पर विरेंद्र बाबू वर्मा पक्ष ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि 2014 की आमसभा सूची में कुल सतरह सदस्य वोटर है जिनमें चौदह वोटर वर्मा पक्ष के समर्थन में है। तथा जल्दी ही वह सभी सदस्यों की आमसभा करके चुनाव के लिए अपना प्रत्याशी घोषित करेंगे।

उत्थान समिति ने हिंडन नदी के पुनर्जीवन पर श्वेत पत्र किया जारी

वैज्ञानिक संवाद से तैयार हुआ रोडमैप जिलाधिकारी के माध्यम से शासन को सौंपा गया

गाजियाबाद, करंट क्राइम। उत्थान समिति ने हिंडन महोत्सव 2025 के अंतर्गत एक विशेष श्वेत पत्र जारी किया है, जो हिंडन नदी के पुनर्जीवन के लिए एक वैज्ञानिक, व्यवहारिक और सामुदायिक दृष्टिकोण प्रस्तुत करता है। इस श्वेत पत्र की सबसे अहम विशेषता है — ड्रोन सर्वेक्षण, जिसे उत्थान समिति द्वारा किया गया। यह सर्वेक्षण हिंडन नदी की सहारनपुर में उद्गम स्थली से लेकर नोएडा में यमुना से संगम तक की पूरी लंबाई को कवर करता है। सर्वेक्षण से प्राप्त उच्च-रिजॉल्यूशन आंकड़ों ने नदी की वर्तमान स्थिति, प्रदूषण के स्रोतों, और अतिक्रमण की सटीक जानकारी दी है।

इसके साथ ही, यह दस्तावेज 'हिण्डन मंथन' नामक एक विशेष पैनल चर्चा के निष्कर्षों पर भी आधारित है, जिसमें देशभर के वैज्ञानिकों, पर्यावरणविदों, शोधकताओं और सामाजिक कार्यकताओं ने भाग लिया और हिंडन नदी को पुनर्जीवित करने के उपायों पर विचार-विमर्श किया। श्वेत पत्र की प्रमुख कार्य योजनाएं : 1. जल गुणवत्ता सुधार, 2. वनस्पति और जैव विविधता संरक्षण, 3. नदी प्रवाह की पुनर्स्थापना, 4. जन जागरूकता और सामुदायिक भागीदारी, 5. नीति और प्रशासनिक सहयोग, 6. जलग्रहण प्रबंधन, 7. प्रदूषण नियंत्रण।

उत्थान समिति के अध्यक्ष सत्येन्द्र सिंह ने कहा, यह श्वेत पत्र केवल शोध नहीं, बल्कि एक कार्य-योजना है। हमने आधुनिक तकनीक, वैज्ञानिक विश्लेषण और जनसहभागिता को जोड़कर हिंडन के पुनर्जीवन की दिशा में ठोस कदम बढ़ाया है। यह पहल उत्तर भारत की नदियों की रक्षा के लिए नीति निर्माण, सामुदायिक भागीदारी और पर्यावरणीय चेतना को एक नई दिशा देने का कार्य करेगी।

जेएमएसआईटी में दो दिवसीय 'गूँज-2025' महोत्सव संपन्न

गाजियाबाद, करंट क्राइम। जेएमएस इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, गाज़ियाबाद में दो दिवसीय वार्षिक सांस्कृतिक एवं तकनीकी महोत्सव 'गूँज-2025' का शुभारंभ माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम की गरिमा को संस्थान के अध्यक्ष राकेश सिंघल, सचिव डॉ. हिमांशु सिंघल, निदेशक प्रो. (डॉ.) अनिरुद्ध विश्वास, प्राचार्य प्रो. (डॉ.) प्रवीण गुप्ता, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी पी. के. भारद्वाज, एडमिशन हेड अंकिता चौधरी एवं शिव शंकर पचौरी, रोजगार अधिकारी तन्वी गौर सहित अन्य गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति ने और भी बढ़ा दिया।

महोत्सव का पहला दिन तकनीकी गतिविधियों को समर्पित रहा। तकनीकी मॉडल प्रतियोगिता का मूल्यांकन उप जिला विद्यालय निरीक्षक शैलेन्द्र कुमार यादव और राजकीय इंटर कॉलेज सिखेड़ा के प्रधानाचार्य मोहित वशिष्ठ द्वारा किया गया। समापन सत्र में संस्थान के अध्यक्ष राकेश सिंघल एवं सचिव डॉ. हिमांशु सिंघल द्वारा सभी विजेताओं को प्रशस्ति पत्र, मेडल एवं नकद पुरस्कार प्रदान किए गए। गूँज-2025 के दूसरे दिन, 17 अप्रैल 2025 को, संस्थान में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आयोजन हुआ, जिसमें सोलो डांस, सोलो सिंगिंग और फैशन शो जैसी प्रतियोगिताएँ प्रमुख आकर्षण होंगी। यह महोत्सव विद्यार्थियों की रचनात्मकता, तकनीकी कुशलता और सांस्कृतिक प्रतिभा को प्रोत्साहित करने का एक प्रभावशाली मंच है, जो उन्हें एक बहुआयामी व्यक्तित्व के रूप में विकसित होने का अवसर प्रदान करता है।

लोनी में निर्माणाधीन लेंटर भरभरा कर गिरा, कोई भी हताहत नहीं

एनडीआरएफ की टीम ने संभाली कमान

गाजियाबाद, करंट क्राइम : लोनी के रूपनगर औद्योगिक क्षेत्र में शुक्रवार को एक बड़ा हादसा हो गया। यहां प्रदीप जैन नाम के व्यक्ति का 250 वर्ग गज की निमार्णाधीन फैक्टरी में लेंटर डाला जा रहा था। दोपहर करीब चार बजे तक लेंटर डालने का करीब 60 प्रतिशत कार्य पूरा हो गया था। मजदूर बचे हुए हिस्से में लेंटर डाल रहे थे। तभी अचानक से लेंटर भरभरा कर गिर गया। जिसके बाद सभी को अस्पताल में भर्ती कराया गया। जिसमें में लेंटर के नीचे खड़े जीतू, सईद, सुमित, पप्पू, राजेश और नीरज कुमार दब गए। जबकि ऊपर खड़े चार मजदूर चोटिल हो गए। चीख पुकार मचने पर आसपास के लोगों ने मलबे के नीचे दबे मजदूरों को बाहर निकाला और पास के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। हादसे की सूचना पर मौके पर पहुंची एनडीआरएफ की टीम ने कमान संभाली थी। वहीं स्थानीय पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंच कर मौका मुआयना किया। चिकित्सकों के मुताबिक घायल मजदूरों की हालत खतरे से बाहर हैं। हादसे की सूचना मिलने पर एनडीआरफ की टीम डॉग स्क्वाड के साथ मौके पर पहुंची और सर्च अभियान चलाया। काफी देर तक चले तलाश करने के बाद भी उन्हें मलबे में कोई नहीं मिला।

'ये मकान बिकाऊ है' : सीलमपुर में नाबालिग लड़के की चाकू घोंपकर हत्या लोगों में दहशत, लगे पलायन के पोस्टर, सीएम रेखा बोलीं- न्याय होगा

दिल्ली के सीलमपुर में नाबालिग की हत्या के बाद लोगों में दहशत है। हिंदुओं के पलायन की बात कही जा रही है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल बना हुआ है। वहां भारी संख्या में पुलिसबल तैनात है। परिजन और स्थानीय लोग न्याय की मांग करते हुए सड़क जाम कर प्रदर्शन कर रहे हैं।

नई दिल्ली। सीलमपुर में बृहस्पतिवार शाम बदमाशों ने नाबालिग लड़के की चाकू घोंपकर हत्या कर दी। मृतक की शिनाख्त कुणाल (17) के रूप में हुई है। सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए। क्राइम टीम के अलावा एफएसएल को बुला लिया गया। छानबीन के बाद शव को मोर्चरी भेज दिया गया। वहीं, हत्या के बाद लोगों में दहशत है। हिंदुओं के पलायन की बात कही जा रही है। बताया जा रहा है कि लोगों ने अपने घरों के बाहर ये मकान बिकाऊ है के पोस्टर चस्पा कर दिए हैं। घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल बना हुआ है। वहां भारी संख्या में पुलिसबल तैनात है। परिजन और स्थानीय लोग न्याय की मांग करते हुए सड़क जाम कर प्रदर्शन कर रहे हैं।

वहीं, गुस्साए लोगों ने सड़क पर उतकर जाम लगा दिया और न्याय की मांग करते हुए प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने प्रधनामंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से मदद की गुहार लगाई है। प्रदर्शन में शामिल लोग दोषियों को फांसी की सजा देने की मांग कर रहे हैं। प्रदर्शन कर रहे लोगों के हाथों में पर्चे दिख रहे हैं। जिस पर लिखा है कि हिंदू समुदाय के लोग पलायन कर रहे हैं।

जानकारी के मुताबिक, पुलिस हत्या का मामला दर्ज कर छानबीन कर रही है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से आरोपियों की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। शुरूआती जांच के बाद पुलिस आशंका जता रही है कि रंजिश की वजह से वारदात को अंजाम दिया गया। पुलिस कुणाल के दोस्तों से पूछताछ कर मामले की छानबीन कर रही है।

उत्तर-पूर्वी जिला पुलिस उपायुक्त आशीष मिश्रा ने बताया कि कुणाल न्यू सीलमपुर के जे ब्लॉक में रहता था। परिवार में पिता राजवीर, मां परवीन, तीन भाई व एक बहन है। पिता ऑटो चालक है। कुणाल एक दुकान पर काम करता था। गुरुवार शाम को कुणाल घर से दूध लेने के लिए निकला था। इस बीच जे ब्लॉक चौक पर चार-पांच लड़कों ने उसे घेरकर चाकू मार दिया। वारदात का पता चलते ही परिजन उसे अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुष्पेंद्र कुमार, संयुक्त पुलिस आयुक्त, पूर्वी रेंज, दिल्ली ने कहा, 'कल शाम सीलमपुर के जे-ब्लॉक में एक 17-18 वर्षीय युवक की चाकू से हत्या कर दी गई थी। आरोपियों की पहचान हो गई है। जल्द गिरफ़्तारी कर ली जाएगी। जांच जारी है। 2 लोगों के नाम सामने आए हैं जिनकी गिरफ़्तारी जल्द की जाएगी। अगर किसी अन्य व्यक्ति का नाम सामने आता है, उसके खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जाएगी।'

परिवार के साथ न्याय होगा: सीएम रेखा गुप्ता

इस मामले को लेकर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा, 'मेरी खुद पुलिस कमिश्नर से बात हुई है। जिन लोगों के नाम सामने आए हैं उनकी खोज पुलिस कर रही है। हमें उम्मीद है कि उन्हें जल्द से जल्द आरोपी को पकड़ लिया जाएगा। परिवार के साथ न्याय होगा। किसी प्रकार की कमी नहीं छोड़ी जाएगी।

सास और होने वाले दामाद की लव स्टोरी

रोते हुए मासूम बेटा बोला मां घर चल...

मासूम बेटे की बात सुन सपना ने मुंह फेर लिया

अलीगढ़। यूपी में सास और होने वाले दामाद की लव स्टोरी अलीगढ़ और आस-पास के इलाकों में सुर्खियां बनी है। गुरुवार को थाने में रोते हुए मासूम बेटा बोला कि मां घर चल... इस पर होने वाले दामाद संग गई सपना ने मुंह फेर लिया। सात साल के बेटे के आंसू भी सपना के दिल को नहीं पिघला सके।

अलीगढ़ में होने वाले दामाद राहुल संग गई महिला बुधवार को वापस तो आ गई, लेकिन वह राहुल के साथ रहने की जिद पर अड़ी है। बृहस्पतिवार को मडराक थाने में उसके दो बेटों में छोटा सात वर्षीय बेटा मां से लिपटकर रोने लगा। फिर भी मां नहीं पिघली। वह अपनी जिद पर अडिग रही। घर वालों से भी कह दिया कि अब उन लोगों से उसका कोई नाता नहीं है। मडराक थाना क्षेत्र के गांव मनोहरपुर निवासी जितेंद्र ने अपनी बेटी की शादी गांव मछरिया निवासी राहुल से तय की थी। 16 अप्रैल को बरात आनी थी।

युवक का परिवार नहीं आया थाने

इससे पहले उनकी पत्नी सपना और होने वाले दामाद के बीच प्रेम संबंध बन गए। दोनों 6 अप्रैल को घर से निकल गए। परिवार वालों का आरोप था कि सपना घर से जेवरात और पैसा लेकर गई है। बेटी का कहना था कि उसके लिए मां मर चुकी है। हम कोई संबंध नहीं रखेंगे। बस हमारा पैसा वापस करा दिया जाए।

बृहस्पतिवार को पुलिस ने महिला व पति का आमना सामना कराया। इस बीच दोनों ने एक दूसरे पर आरोप मढ़े। मसला दंपती विवाद का उजागर हुआ। रिश्तेदार दिन भर समझाते रहे, लेकिन महिला अपनी जिद पर अड़ी रही। बता दें कि दोनों यहां से भागकर कासगंज के रास्ते बिहार गए थे। बुधवार को दोनों वापस आए। इसके बाद से दोनों मडराक थाने में हैं।

इधर, पति ने मीडिया को बयान दिया कि उसके दो छोटे बच्चे हैं, जिन्हें वह संभाल नहीं पा रहा। इसलिए अपनी पत्नी को एक बार माफ करके वापस रख सकता है।

बेटी मां को देखना तक नहीं चाहती

वृद्धाश्रम में बुजुर्ग ने लगाई गुहार, बेटे से मेरी पत्नी को बचा लो सरकार, गांव में बेटा पीटता है उसे

बेटे की हरकतों से तंग आकर ही वह यहां रहने लगा था। अब बेटा पत्नी को भी पीटता है। होली के आसपास पीटा गया। होली की घटना पर पत्नी ने मुझे खबर दी। पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना देकर तहरीर भी बरला थाने दी गई। मगर कोई कार्रवाई नहीं हुई।

अलीगढ़। अलीगढ़ में छर्रा के वृद्धाश्रम में 16 अप्रैल को पहुंचे एडीजे-डीएलएस (विधिक सेवा प्राधिकरण) सचिव नितिन श्रीवास्तव के समक्ष बुजुर्ग उस समय फूट पड़ा, जब वे समस्याएं सुन रहे थे। दतावली के रहने वाले बुजुर्ग राकेश कुमार ने कहा कि सरकार गांव में रह रही उसकी पत्नी को बेटे के उत्पीड़न से बचा लो। वह उसे बेरहमी से पीटता है, शिकायत के बावजूद पुलिस ने आज तक कोई सुनवाई नहीं की।

डीएलएस सचिव ने शिकायत की गंभीरता को देखते हुए एसओ बरला को तलब करने का आदेश दिया है।

मजबूरी ये है कि नियमों की पाबंदी के चलते वह अपनी पत्नी को यहां साथ नहीं रख सकता। वरना पत्नी को भी यहां बुलवा लेता। डीएलएस सचिव ने शिकायत की गंभीरता को देखते हुए एसओ बरला को तलब करने का आदेश दिया है।

निरीक्षण में डीएसएस सचिव नितिन श्रीवास्तव को बुजुर्ग राकेश कुमार ने बताया कि उसकी उम्र 52 वर्ष है। एक बेटे की मृत्यु हो चुकी है। दूसरे बेटे पवन के पास उसकी पत्नी नीलम रहती है। बेटे की हरकतों से तंग आकर ही वह यहां रहने लगा था। अब बेटा पत्नी को भी पीटता है। होली के आसपास पीटा गया। होली की घटना पर पत्नी ने मुझे खबर दी। पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना देकर तहरीर भी बरला थाने दी गई। मगर कोई कार्रवाई नहीं हुई। यहां बुजुर्ग रूपराम ने अपने घुटनों के ऑपरेशन के लिए आयुष्मान कार्ड बनवाने का मुद्दा रखा। गुरुदीप सिंह ने दिल्ली स्थित अपने प्लाट से जुड़ी समस्या रखी। वहीं हरिशंकर ने पेंशन न बनने की शिकायत की।

कमरों-शौचालय में गंदगी पर जताई नाराजगी : विधिक प्राधिकरण सचिव को छर्रा स्थित आवासीय वृद्धाश्रम के निरीक्षण में वृद्धाश्रम के संचालक अशर्फी लाल, अधीक्षिका गिरजेश यादव ने बताया कि यहां 99 वृद्धजन पंजीकृत हैं। एक महिला को रविवार को उनका नाती साथ घर ले गया, जिनकी बुधवार सुबह मृत्यु हो गई। शेष 98 में से 33 महिला व 65 पुरुष हैं। जिनमें से 20 परिजन घर गए हुए हैं। वहीं बुजुर्गों से बातचीत में पता चला कि दोपहर में रोटी, चावल, दाल, पत्तागोभी की सब्जी व सलाद दिया गया।

दैनिक
करंट क्राइम
सिर्फ सच...
www.currentcrime.com
03 ● नई दिल्ली। शनिवार 19 अप्रैल -2025 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

पश्चिमी व प्रदेश की टीम में गाजियाबाद के इन चेहरों का रहेगा कितना वजूद

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। भाजपा की संगठन संरचना का काम चल रहा है। महानगर और जिलों पर अध्यक्ष घोषित हो चुके हैं और अब भाजपा की प्रदेश और क्षेत्र वाली टीम घोषित होनी है। गाजियाबाद के वो कौन से भाजपा चेहरे हैं जो क्षेत्र वाली टीम में मजबूत दस्तक दे सकते हैं। वो कौन से चेहरे हैं जो प्रदेश टीम में स्थान बना सकते हैं। गाजियाबाद की बात करें तो यहां कई चेहरे ऐसे हैं जिन्होंने प्रदेश संगठन में दस्तक दी है। जनप्रतिनिधि रहे हैं और किसी का नाम प्रदेश अध्यक्ष के लिये तो किसी का नाम क्षेत्रीय अध्यक्ष के लिये भी चर्चा में रहता है। अब जब टीम के गठन की तैयारी हो रहे है तो क्या गाजियाबाद के ये भाजपा नेता क्षेत्र और प्रदेश में कंसिडर होंगे। ये ओबीसी फैक्टर से भी आते हैं, इनका अपना प्रोफाइल है।

राजा वर्मा को मिलेगी क्या प्रदेश की कमान

करंट क्राइम। अगर सियासी कैलीबर की बात करें तो यहां राजा वर्मा का नाम आता है। वो तीन बार भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रहे हैं। मौजूदा समय में वो दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री हैं और सियासी रणनीतिकारों में गिनती होती है, शानदार वक्ता है और शतत अनवरत काम करने वाले नेताओं में उनका नाम आता है। मजबूत प्रोफाइल के साथ राजनीति करते हैं और अगर ओबीसी कार्ड में भी अगर जाट को प्रमुखता मिली तो तीन बार भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रहने वाले राजा वर्मा का नाम प्रदेश अध्यक्ष वाली सूची में भी आ सकता है। सूत्र बताते हैं कि राजा वर्मा के नाम को राष्ट्रीय टीम में भी लिया जा सकता है और यहां अगर पॉलिटिकल स्टार उनके पक्ष में रहे तो इस नाम पर एमएलसी वाली सहमति बन सकती है।

शांत-सौम्य स्वभाव के बसंत त्यागी क्या हो सकते हैं क्षेत्रीय अध्यक्ष

करंट क्राइम। बसंत त्यागी भाजपा के जिला अध्यक्ष रहे हैं। वो भाजपा की क्षेत्रीय टीम में उपाध्यक्ष रहे हैं और मौजूदा समय में वो भाजपा प्रदेश मंत्री हैं। उनकी पत्नी ममता त्यागी गाजियाबाद की जिला पंचायत अध्यक्ष हैं। सूत्र बताते हैं कि बसंत त्यागी को प्रदेश टीम से राष्ट्रीय टीम में प्रमोशन भी मिल सकता है और अगर त्यागी फैक्टर पर चर्चा हो गई तो फिर बसंत त्यागी क्षेत्रीय अध्यक्ष भी हो सकते हैं। फिलहाल अभी सबकुछ अनिश्चित है, लेकिन इतना निश्चित है कि बसंत त्यागी का नाम प्रदेश या राष्ट्र की टीम में आयेगा और अगर वो क्षेत्रीय अध्यक्ष भी हो जाएं तो कोई हैरानी नहीं होगी।

पूर्व मेयर अशु वर्मा पर कब होगी मेहरबानी

करंट क्राइम। अशु वर्मा पुराने भाजपाई हैं। युवा मोर्चा अध्यक्ष रहे हैं और लाइफ टाइम भाजपाई उन्हें कहा जा सकता है। गाजियाबाद के मेयर रहे हैं और मौजूदा समय में वो भाजपा की प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य हैं। उनका नाम पहले भी क्षेत्रीय अध्यक्ष के लिये चला है और भाजपा के इस कर्मठ और समर्पित चेहरे को कब तवज्जो मिलेगी, ये इंतजार हो रहा है। वो जाट समाज से आते हैं और उनपर मेहरबानी का इंतजार है।

मानसिंह को मिलेगा किस टीम में मौका

करंट क्राइम। अगर ऊर्जावान और लगातार काम करने वाले भाजपा नेताओं की बात की जाए तो यहां मानसिंह गोस्वामी का नाम आता है। एक ऐसा चेहरा जो पश्चिम बंगाल तक जाकर पार्टी के लिये चुनाव प्रचार करता है। महीनों तक घर छोड़कर पार्टी का काम संभालते हैं। भाजपा के महानगर अध्यक्ष रहे हैं, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रहे हैं। उनकी पत्नी रेखा गोस्वामी नगर निगम पार्षद हैं। उनका नाम गाजियाबाद महानगर अध्यक्ष पद के लिये भी चला था। वरिष्ठता, सक्रियता और समर्पण के पैमाने पर अब इस नाम की चर्चा क्षेत्रीय अध्यक्ष के लिये चल रही है। ओबीसी कार्ड अगर चला और यहां कुछ चेहरों की चली तो मानसिंह गोस्वामी क्षेत्रीय अध्यक्ष वाली लिस्ट में भी आ सकते हैं। वो प्रदेश वाली टीम में जा सकते हैं।

संजीव गुप्ता के नाम पर होगी कौन सी कृपा

करंट क्राइम। अगर भाजपा की टीम में कोई गैर विवादित और समर्पित चेहरा है तो वो नाम संजीव गुप्ता का हो सकता है। समरकूल ग्रुप के चेयरमैन संजीव गुप्ता भाजपा के महानगर कोषाध्यक्ष हैं। उनका नाम महानगर की टीम में महामंत्री के लिये भी चल रहा है, लेकिन उनके समर्थक मानते हैं कि यह काफी नहीं है। वो ये मानते हैं कि सामाजिक-धार्मिक ट्रैक रिकॉर्ड के साथ संजीव गुप्ता प्रदेश स्तरीय प्रोफाइल रखते हैं वो व्यापार मंडल वाले संस्थान के प्रदेश अध्यक्ष हैं। मुख्यमंत्री के हाथों सम्मानित हो चुके हैं और प्रदेश की टीम में उनका नाम हो सकता है। हालांकि वो क्षेत्रीय टीम में भी आ सकते हैं। जिस तरह से उन्होंने खुद को साबित किया है और अपनी एक अलग छवि बनाई है इससे उनके समर्थक ये मानते हैं कि ऐसे सौम्य व्यक्तित्व को प्रदेश स्तरीय सरकारी कृपा से नवाजा जाना चाहिए। वो दर्जाप्राप्त राज्यमंत्री वाला प्रोफाइल पाने के हकदार हैं और अब सरकार को इस नाम पर भी ध्यान देना चाहिए।

क्षेत्रीय टीम में आएंगे क्या पप्पू पहलवान

करंट क्राइम। पप्पू पहलवान संजीव शर्मा की टीम में महामंत्री रहे हैं। लगातार दोनों कार्यकाल में वो महामंत्री रहे हैं। उनकी पत्नी ओमवती नगर निगम पार्षद हैं। पप्पू पहलवान क्या मयंक गोयल की टीम में रिपीट होंगे या फिर उनका प्रमोशन होगा। भाजपा के सभी आयामों में, कार्यक्रमों में वो हमेशा एक्टिव रहे हैं। बड़े कार्यक्रम कराने की क्षमता है। क्या ये नाम क्षेत्रीय टीम में आएगा।

सतपाल प्रधान को मिलेगा क्षेत्रीय टीम में स्थान

करंट क्राइम। सतपाल प्रधान भाजपा की गुर्जर राजनीति का चेहरा है। वो भाजपा के जिला अध्यक्ष रहे हैं। क्या सतपाल प्रधान को क्षेत्रीय टीम में स्थान मिलेगा। क्या उनका प्रमोशन होगा।

दलित चेहरे के रूप में सुशील गौतम आएंगे क्या क्षेत्रीय टीम में

करंट क्राइम। सुशील गौतम भाजपा की महानगर टीम में लगातार कई बार महामंत्री रहे हैं। अब वो फिर से इसी पद पर रिपीट होंगे या उन्हें क्षेत्रीय टीम में लिया जाएगा। वो भी पार्टी का सौम्य-मिलनसार और कर्मठ चेहरा हैं। दलित समाज से आते हैं। माना जा रहा है कि भाजपा की क्षेत्रीय टीम में वो अनुसूचित मोर्चा वाले कॉलम में स्थान बना सकते हैं और उन्हें अनुसूचित मोर्चा की प्रदेश टीम में भी लिया जा सकता है।

पवन गोयल को मिलेगा कितना बैकअप

करंट क्राइम। पवन गोयल भाजपा के पुराने नेता हैं और सबसे कम उम्र का पार्षद बनने का रिकॉर्ड उनके नाम है। वो भाजपा के क्षेत्रीय कोषाध्यक्ष रहे हैं। मौजूदा समय में जीडीए बोर्ड सदस्य हैं। दो बार टिकट की दावेदारी में उनका नाम मजबूती से चला है और महानगर अध्यक्ष वाली दौड़ में उनका नाम अंत तक चला। ऊर्जावान नेता हैं और अब पार्टी उन्हें कहां और कितना बैकअप देगी वो भाजपा की प्रदेश टीम का भी हिस्सा हो सकते हैं। उन्हें क्षेत्रीय टीम में बड़ा पद मिल सकता है और उनका सियासी ट्रैक रिकॉर्ड इसके लिये डिजर्व भी करता है।

क्या राजेश त्यागी की होगी क्षेत्रीय टीम में ताजपोशी

करंट क्राइम। भाजपा के पुराने कार्यकताओं की बात करें तो राजेश त्यागी का नाम आता है। वो लगातार चार बार टीम में महामंत्री रहे हैं। अलग-अलग अध्यक्षों के साथ काम किया है। राजेश त्यागी भाजपा के पुराने कार्यकर्ता हैं और क्या इस चेहरे को क्षेत्रीय टीम में स्थान मिलेगा।

गोपाल अग्रवाल को मिलेगा क्या प्रमोशन

करंट क्राइम। गोपाल अग्रवाल भाजपा के महामंत्री रहे हैं। उनका नाम महानगर अध्यक्ष वाली दावेदारी में प्रबलता से चला था। उनकी पत्नी मुरादनगर नगर पालिका चेयरमैन चुनाव लड़ी हैं। भाजपा के सभी कार्यक्रमों में गोपाल अग्रवाल एक्टिव रहते हैं। क्षेत्रीय टीम में वैश्य कोटे से उनकी दावेदारी बनती है।

बालकिशन गुप्ता के नाम पर कब होगा विचार

करंट क्राइम। बालकिशन गुप्ता रेलवे बोर्ड के सलाहकार रहे हैं। वो व्यापार मंडल की राजनीति करते हैं। भाजपा के कार्यकर्ता हैं और बड़े दिल से राजनीति करते हैं। लोगों को जोड़कर चलते हैं और चेहरे पर कब कृपा होगी।

अनिल अग्रवाल सांवरिया पर कब होगी कृपा

करंट क्राइम। अनिल अग्रवाल सांवरिया भाजपा की राजनीति करते हैं और वो संघ पृष्ठभूमि से हैं। धार्मिक कामों में सबसे ज्यादा आगे रहते हैं। व्यापारी वर्ग से जुड़कर चलते हैं और भाजपा की नीतियों से व्यापारी वर्ग को जोड़ा है। सरकारी कृपा के प्रबल दावेदार हैं और वैश्य समाज का ये चेहरा क्षेत्रीय टीम से लेकर सरकारी कृपा तक पूरी पात्रता रखता है।

जिन 25 चेहरों को दिया गया है आयाम वाला काम

क्या इन्हीं 25 नामों में छिपे हैं मयंक गोयल की टीम के नाम

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। मयंक गोयल महानगर अध्यक्ष हो चुके हैं और अध्यक्ष वाला ताज पहनने के बाद उन्होंने दो कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित भी कराए हैं। अब उनकी टीम की इंतजार हो रहा है और बताया जाता है कि मयंक गोयल की टीम में आने के लिये एक बड़ा मेला दावेदारों का है। एक तरफ वो चेहरे हैं जो चाहते हैं कि वो फिर से रिपीट हों। दूसरी तरफ वो चेहरे हैं जो इस बात को आधार बना रहे हैं कि अगर पुरानी ही टीम रिपीट करनी है तो फिर अध्यक्ष भी बदलने की क्या जरूरत है। वहीं एक तीसरी लॉबी इस तर्क को रख रही है कि नए दौर में नई कहानी लिखी जाएगी और वो चेहरे आएंगे जो पहली बार महानगर की टीम में खेलेंगे। ये नए चेहरे हो सकते हैं। इन चेहरों में अनुभवी और पुराने युवा भाजपाई हो सकते हैं। इन चेहरों में वो भी हो सकते हैं जो पहले वाली टीम में नहीं थे। बहरहाल अपने-अपने कयास है कि कौन महानगर की टीम में आएगा। सूत्र बताते हैं कि इसका एक फॉर्मूला मंडल आयाम वाली सूची में छिपा है। जिन चेहरों को मंडल के आयाम सौंपे गए हैं उन्हीं चेहरों में से महानगर की टीम आएगी। यहां 25 नाम बताए जा रहे हैं और इनमें पंजाबी समाज के भी नाम हैं। इनमें पुरानी टीम के भी नाम हैं। इनमें भाजपा के बागी भी हैं और इनमें त्यागी भी हैं।

महिला शक्ति में प्रीति चंद्रा राय, अनिता शर्मा और पूनम कौशिक के नाम

करंट क्राइम। जोर-शोर से नाम कभी डॉ. उदिता त्यागी का आता है तो कभी रेनू चंदेला के नाम की चर्चा होती है, लेकिन लिस्ट के 25 नामों पर गौर करें तो स्टोरी ट्विस्ट होती नजर आ रही है। इस लिस्ट में पहला नाम प्रीति चंद्रा राय का है। प्रीति चंद्रा राय क्रॉसिंग क्षेत्र से आती हैं, पूर्वांचल समाज से हैं, भाजपा की क्षेत्रीय टीम में रही हैं और एक लंबे समय से वो साइडलाइन पर हैं। ये नाम महानगर की टीम में आ सकता है। इसके अलावा यहां नदिया पार की बात करें तो भाजपा महिला मोर्चा की पूर्व महानगर अध्यक्ष पूनम कौशिक भी आयाम वाले नाम में हैं। जनरल वीके सिंह के करीबी नेताओं में गिनती होती है। इस नाम को लेकर भी चर्चा है और यहां तीसरा नाम अनिता शर्मा का है। ब्राह्मण कार्ड में और महिला कोटे में यह नाम भी हो सकता है।

वैश्य चेहरों में मित्तल-गोयल-अग्रवाल के नाम

करंट क्राइम। मयंक गोयल खुद वैश्य समाज से हैं और उनकी टीम में वैश्य समाज के कौन से नाम आएंगे। इनमें मित्तल-गोयल-अग्रवाल के नाम हैं। यहां पर इंदिरापुरम के नवनीत मित्तल का नाम महानगर टीम में संभावित माना जा रहा है। इसके अलावा जयकमल अग्रवाल को भी मौका मिल सकता है। वैश्य चेहरों की बात करें तो युवा मोर्चा के पुष्पेंद्र गुप्ता भी मयंक गोयल की टीम में हो सकते हैं। वैश्य चेहरों में नितिन गोयल, अंकुर मित्तल का नाम भी टीम के लिये माना जा रहा है।

दलित चेहरों में किसका नाम होगा फलित

करंट क्राइम। महानगर की टीम में अगर दलित भागीदारी की बात करें तो यहां पहला नाम लेखराज माहौर का चल रहा है। लेखराज माहौर संघ पृष्ठभूमि से हैं। मूल भाजपाई हैं और पहले भी महानगर की टीम में रह चुके हैं। लाइनपार क्षेत्र से आते हैं। यह नाम महामंत्री पद के लिये लगभग तय माना जा रहा है। इसके अलावा दलित कार्ड पर जो नाम फलित हो सकता है उनमें राजन आर्या वाल्मीकि का नाम है। वो महामंत्री रह चुके हैं, मंडल अध्यक्ष भी रहे हैं और नदियापार क्षेत्र से आते हैं। इस कड़ी में रजापुर के पूर्व पार्षद विरेंद्र वाल्मीकि का भी नाम आ रहा है। दलित कार्ड और महिला भागीदारी की बात करें तो यहां सुमन जाटव का भी नाम चल रहा है। सुमन जाटव वार्ड चुनाव में प्रबलता से टिकट की दावेदारी कर रही थी। इसके बाद उन्हें उम्मीद थी कि उपचुनाव में उन्हें टिकट मिलेगा, लेकिन टिकट नहीं मिला। अब ये उम्मीद लगाई जा रही है कि मयंक गोयल की टीम में उन्हें दलित वार्ड से एंट्री मिल सकती है।

पांच नाम होंगे आउट, किस पर है ज्यादा डाउट

करंट क्राइम। 25 नाम ऐसे हैं जिन्हें मंडलों में लगाया गया है। इन सभी को मंडलों में संयोजक बनाया गया है। इन्हें आयाम सौंपे गए हैं और मंडलों की मॉनिटरिंग का काम दिया गया है। सूत्र बताते हैं कि इनमें से सारे नाम फाइनल नहीं होंगे। अगर मयंक गोयल की टीम के नाम इसी थीम में छिपे हैं तो बताने वाले बता रहे हैं कि इनमें से पांच नाम आउट भी होने हैं। ये सभी नाम टीम में नहीं आएंगे। इनमें कुछ नाम प्रबल दावेदार रहेंगे। कुछ टीम में स्थान बनाएंगे और कुछ नाम ऐन मौके पर कट जाएंगे। ये तय है कि पांच नाम आउट होने हैं, अब इनमें से ही वो पांच हैं जिनपर इस बात का सबसे ज्यादा डाउट है कि वो कौन से नाम हैं। क्या पंजाबी समाज का कोई नाम आउट होगा। क्या कोई ब्राह्मण चेहरा आउट होगा। या फिर दलित चेहरे में से किसी एक एक चेहरे के आने पर डाउट वाला ग्रहण लग जाएगा।

ठाकुर लॉबी से मिलेगी किसे कमान

करंट क्राइम। ठाकुर चेहरों की बात करें तो यहां पहला नाम रोबिन तोमर का चल रहा है। रोबिन तोमर दो बार भाजपा युवा मोर्चा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रहे हैं। पार्टी का गंभीर और शांत चेहरा माने जाते हैं। विवादों से दूर रहते हैं और अच्छे रणनीतिकार में गिनती होती है। ये चेहरा मयंक गोयल की टीम में महामंत्री हो सकता है। इसके अलावा यहां ठाकुर बिरादरी की बात करें तो भानू शिशौदिया का भी नाम चल रहा है। हालांकि भानू शिशौदिया एक लंबे समय से सक्रिय राजनीति से दूरी बनाकर चल रहे हैं। भाजपा के पुराने कार्यकर्ता हैं। इन दिनों सियासी रूप से हाशिए पर हैं और ठाकुर कार्ड उन्हें कुछ ऑक्सीजन दे सकता है। भानू शिशौदिया एक समय पूरी तरह एक्टिव रहे हैं। उनके पिता स्व. नरेंद्र शिशौदिया विधायक रहे हैं। भानू शिशौदिया ऊर्जावान नेता हैं और क्षत्रिय समाज के बैनर पर एक्टिव रहते हैं।

क्या विनीत शर्मा, गुंजन शर्मा को मिलेगा स्थान

करंट क्राइम। यदि मयंक गोयल की टीम के संभावित नामों की बात करें तो यहां मुरादनगर क्षेत्र से जो नाम चल रहा है वो विनीत शर्मा का है। विनीत शर्मा राजनगर मंडल अध्यक्ष रहे हैं। नगर निगम चुनाव में वो भाजपा उम्मीदवार के खिलाफ चुनाव लड़े थे और निर्दलीय लड़कर भी बड़ी संख्या में वोट हासिल किये थे। पार्टी ने उन्हें निष्काशित किया था और फिर जब बागी रिटर्न स्कीम आई तो विनीत शर्मा भी बैक टू भाजपा हो गए। महानगर की टीम में उनका नाम आ सकता है। यहां पर अगर रिपीट होने वाले नामों की बात करें तो ब्राह्मण चेहरों में गुंजन शर्मा के नाम की चर्चा चल रही है। गुंजन शर्मा भी जनरल वीके सिंह कैंप के माने जाते हैं। अपने कार्यालय का उद्घाटन भी उन्होंने जनरल वीके सिंह से कराया था। संजीव शर्मा की टीम में महानगर मंत्री रहे हैं और एक बार फिर उनके नाम की चर्चा चल रही है। ब्राह्मण चेहरों की बात करें तो यहां युवा मोर्चा से मोहित शर्मा का नाम भी इस लिस्ट में है। इसके अलावा राजेश चतुर्वेदी का नाम भी महानगर वाली टीम में चल रहा है। यहां पर पूर्व मंडल अध्यक्ष अजय शुक्ला का नाम भी मयंक गोयल की टीम के संभावित चेहरों में आ रहा है।

पंजाबी कोट से मिलेगा इनमें से किसे मौका

करंट क्राइम। हरमीत बख्शी इंदिरापुरम के मंडल अध्यक्ष रहे हैं और पंजाबी समाज से आते हैं। मयंक गोयल की टीम में आने के लिये वो प्रयासरत हैं। उनका भी नाम चल रहा है। इसके अलावा यहां पंजाबी समाज से जो नाम 25 वाली थीम में है उनमें भाजपा युवा मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष गौरव चौपड़ा का भी नाम है। हालांकि गौरव चौपड़ा का युवा अध्यक्षी वाला कार्यकाल विवादों के घेरे में रहा। वो लंबे समय से हाशिए पर हैं और अब उनका नाम मयंक गोयल की टीम के लिये तय माना जा रहा है।

नई टीम की थीम में ये भी हैं नाम

करंट क्राइम। अगर यहां ओबीसी कार्ड को देखें, अनुभव को देखें तो सभी जातियों का समावेश है। मयंक गोयल की टीम के संभावित नामों में पूर्व पार्षद विनय चौधरी का भी नाम लिया जा रहा है। इसके अलावा यहां ओबीसी कार्ड की बात करें तो गुर्जर समाज से आशीष चौधरी टीम का चेहरा हो सकते हैं। देवेंद्र गिरी एक नाम है और यहां त्यागी समाज से बोबी त्यागी का नाम चल रहा है। अब अगर उनके नाम को सपोर्ट मिली तो ये नाम भी महानगर की टीम में आ सकता है। इसके अलावा युवा मोर्चा के संदीप चौधरी का भी नाम आयाम वाले फ्रेम से आ रहा है। यहां पर डॉ. नदीम कुरैशी भी महानगर टीम का हिस्सा माने जा रहे हैं और यहां रामोतार को भी टीम मयंक गोयल में स्थान मिल सकता है।

80 करोड़ की लागत से बनेगा 220 बेड का अस्पताल

शहर विधायक संजीव शर्मा ने दी बधाई

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। नदिया पार यानी साहिबाबाद में भले ही सरकारी अस्पताल ना बन पाया हो। मगर शहर विधायक संजीव शर्मा की विधानसभा में इसके लिये रास्ता साफ हो गया है। उनकी विधानसभा में 200 बेड का अस्पताल बनने जा रहा है। इस अस्पताल का निर्माण पूरा होते ही गाजियाबाद शहर के लोगों को एक बड़ी राहत मिलेगी। खासतौर से गरीब वर्ग के लोगों को यह अस्पताल उनकी बीमारी के समय एक बड़ी राहत देगा। गाजियाबाद के इस जिला अस्पताल की इमारत में ही इस अस्पताल का निर्माण होगा। शहर विधायक संजीव शर्मा ने इसके लिये सभी शहरवासियों को बधाई दी है। एमएमजी अस्पताल में 200 बेड की नई बिल्डिंग का काम जल्द ही शुरू होगा।

बताया जाता है कि 200 बेड का यह अस्पताल 80 करोड़ की लागत से बनेगा। एक बड़ी सुविधा शहर को मिलने जा रही है। बड़ी बात ये है कि शहर विधायक संजीव शर्मा की विधानसभा में उनके कार्यकाल में लोगों को स्वास्थ की यह सौगात मिल जाएगी।

हिंदू रक्षा दल के कार्यकर्ताओं ने गाजियाबाद रेलवे स्टेशन पर औरंगजेब की पेंटिंग पर पोती कालिख

- रेलवे स्टेशन की सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल

गाजियाबाद, करंट क्राइम : देशभर में औरंगजेब को लेकर बढ़ता विवाद खत्म नहीं हो रहा है। तो वहीं शुक्रवार को गाजियाबाद रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 4 और 5 पर बनाई गई बहादुर शाह जफर और औरंगजेब की पेंटिंग पर हिंदू रक्षा दल के दो दर्जन के आसपास कार्यकर्ताओं ने इकट्ठा होकर, भगवा झंडे और जय श्री राम के नारे लगाते हुए यहां पहुंचे और औरंगजेब की पेंटिंग पर कालिख पोतने का काम किया।

वही हिंदू रक्षा दल के कार्यकर्ताओं ने कहा है कि वह गाजियाबाद के रेलवे स्टेशन पर किसी भी विदेशी अक्रांता की ऐसी तस्वीरें नहीं रहने देंगे। तो वहीं इस पूरे मामले में रेलवे पुलिस फोर्स और रेलवे पुलिस भी एक्शन मोड में आ गई है। फिलहाल इस मामले में मुकदमा दर्ज करते हुए आरोपियों की तलाश की जा रही है। तो वहीं सोशल मीडिया पर उनके वीडियो भी वायरल हो गए हैं। उधर रेलवे स्टेशन पर इन पेंटिंग को बनाने वाली एनजीओ की प्रमुख डॉ. उदिता त्यागी का कहना है कि उन्होंने रेलवे के एक अनुबंध के दौरान यह है पेंटिंग बनाई थी, लेकिन इसके बाद वह लगातार यति नरसिंहानंद सरस्वती के संपर्क में आई और उनकी विचारधारा बदल गई। जिसके बाद उनको लगता है कि इस तरीके के आक्रांताओं की पेंटिंग नहीं बनाई आनी चाहिए थी। उन्होंने हिंदू रक्षा दल के कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए कालिख पोतने के कार्य को ठीक ठहराया है। साथ ही कहा है कि उनको लगता है कि यह ठीक निर्णय है।

आरपीएफ ने मुकदमा दर्ज किया

-पेंटिंग बनाने वाली संस्था की प्रभारी डॉ उदिता त्यागी बोली जो हुआ वह ठीक किया गया

स्टेशन की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल, बड़ी संख्या में पहुंचे थे प्रदर्शनकारी

करंट क्राइम : शुक्रवार को जिस तरीके से हिंदू रक्षा दल के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में रेलवे स्टेशन पहुंचे। उनके हाथों में झंडा, झंडा, बैनर, पेंट और स्प्रे थे। उन्होंने यहां प्लेटफार्म नंबर चार पर औरंगजेब की पेंटिंग पर कालिख पोतने का काम किया। तो नारेबाजी भी की लेकिन सुरक्षा व्यवस्था उन्हे कंट्रोल नहीं कर पाई। जो सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े करता है। तो वही इस मामले में रेलवे ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। साथ ही 1857 की क्रांति में शामिल बहादुर शाह जफर और औरंगजेब की पेंटिंग पर कालिख पोते जाने की जांच भी की जा रही है।

वीडियो जारी कर कहा जो हुआ वह ठीक है

करंट क्राइम : एक तरफ जहां हिंदू रक्षा दल के प्रमुख भूपेंद्र चौधरी उर्फ पिंकी ने कहा है कि जिस तरीके से उनके पदाधिकारियों ने रेलवे स्टेशन पर औरंगजेब और बहादुर शाह जफर की पेंटिंग पर कालिख पोता गया है वह ठीक है। तो वही 1857 की क्रांति में शामिल आखिरी मुगल शासकों की पेंटिंग को बनाने वाली एनजीओ की प्रमुख डॉ. उदिता त्यागी का कहना है कि जिस वक्त यह पेंटिंग बनाई गई थी, तब वह हिंदूवादी व राष्ट्रवादी महंत नरसिंहानंद सरस्वती के संपर्क में नहीं थी। उनके संपर्क में आने के बाद उनकी विचारधारा बदल गई है। जिस तरीके से युवाओं द्वारा विदेशी आक्रांताओं की पेंटिंग पर कालिख पोती गई है, उन्होंने इसका समर्थन किया है। तो वहीं औरंगजेब और बहादुर शाह जफर की पेंटिंग बनाने पर भी उन्होंने असंतोष जाहिर किया है।

संपादकीय

अपनी है उर्दू

सुप्रीम कोर्ट का उर्दू से जुड़े मामले में दिया गया फैसला बताता है कि भारत जैसे देश के लिए भाषाई विविधता कितनी जरूरी है। भाषा को किसी धर्म, संप्रदाय से जोड़कर नहीं देखना चाहिए। यह तो पुल की तरह है, जो लोगों को जोड़ने का काम करती है। उम्मीद है कि टिप्पणियों के रूप में आई शीर्ष अदालत की नसीहत भाषाई विवाद खड़ा करने वालों को कुछ सीख देगी।

प्रभावी संवाद यह मामला महाराष्ट्र से जुड़ा हुआ था। वहां बॉम्बे हाईकोर्ट ने अकोला के पाटूर नगर परिषद की नई इमारत के साइनबोर्ड पर मराठी के साथ उर्दू के इस्तेमाल की अनुमति दी थी। सुप्रीम कोर्ट इसी फैसले के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई कर रहा था। अदालत ने माना कि उर्दू के प्रयोग का उद्देश्य केवल प्रभावी संवाद है।

बोलचाल की भाषा भारत में आबादी की तरह भाषाएं भी मिली-जुली हैं। एक भाषा के शब्द दूसरी भाषा में कब चले जाते हैं, बोलने वाले को भी पता नहीं चलता। और उर्दू तो खासतौर पर बहन कही जाती है हिंदी की। इसके बिना रोजमर्रा की बोलचाल भी नहीं हो सकती। यूपी, बिहार जैसे हिंदीभाषी राज्यों को छोड़ दिया जाए, तो कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना जैसे दक्षिण के राज्यों में भी उर्दू बोलने वालों की अच्छी-खासी तादाद है। जिस महाराष्ट्र में यह विवाद हुआ, वहां स्थापित फिल्म इंडस्ट्री उर्दू के लफ्जों के बिना एक कदम भी नहीं चल पाएगी।

भारत की जुबान उर्दू से जुड़ा विवाद उस मानसिकता की देन है, जिसके हिसाब से यह भाषा भारत की नहीं है। यह धारणा बना ली गई है कि जिस तरह धर्म के आधार पर देश का बंटवारा हुआ और उसके परिणाम में मानव इतिहास का सबसे बड़ा विस्थापन देखना पड़ा, उसी तरह उर्दू को भी भारत से विस्थापित हो जाना चाहिए। हालांकि भाषाएं अपना देश नहीं छोड़ा करतीं और उर्दू तो भारत की ही है, जैसे संस्कृत, हिंदी या फिर बांग्ला। इन भाषाओं ने अपने शब्दों, साहित्य से दूसरी भारतीय भाषाओं को और समृद्ध ही किया है। उर्दू का अदब और रेशमी सलीका भारतीय संस्कृति का हिस्सा है, जिसे कोई नकार नहीं सकता।

भाषा पर राजनीतिबहुभाषी देश में भाषाओं को लेकर विवाद कोई नई बात नहीं है। दक्षिण भारत में हिंदी को लेकर प्रतिरोध बहुत पुराना है। हाल में राष्ट्रीय शिक्षा नीति की वजह से यह मामला फिर उछला था। तमिलनाडु की डीएमके सरकार ने आरोप लगाया था कि केंद्र सरकार उन पर हिंदी थोपने की कोशिश कर रही है। इस तरह के विवादों में आम लोगों की संवेदनाएं, पुरानी धारणाएं और राजनीति प्रमुख भूमिका निभाती हैं। लेकिन सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी के अनुसार यह समझने की जरूरत है कि भाषा धर्म नहीं है... यह एक समुदाय, क्षेत्र और लोगों की होती है, धर्म की नहीं।

रोचक तथ्यों का करंट



- चीनी को जब चोट पर लगाया जाता है, तो दर्द तुरंत कम हो जाता है।
- शीर्ष दूध पीने वाला देश फिनलैंड में लगभग 95 गैलन दूध / व्यक्ति / वर्ष है। शीर्ष 5 देश दूध पीने के मामले में सबसे ऊपर हैं, फिनलैंड (361.1 9 किलो), स्वीडन (355.86 किलो), नीदरलैंड (320.15 किलो), स्विट्जरलैंड (315 किलो) और ग्रीस (314.6 9 किलो) हैं।
- एक प्रकार का प्लास्टिक बनाने के लिए दूध का उपयोग किया जा सकता है जो गंधहीन, बायोडिग्रेडेबल, एंटीस्टैटिक, पानी में अघुलनशील और लगभग गैर ज्वलनशील है।
- दूध नॉर्थ डकोटा का आधिकारिक राज्य पेय है!
- जो देश दूध पीते हैं, वह स्मार्ट हैं और नोबेल पुरस्कार जीतने में ज्यादा सक्षम हैं!
- दूध प्रोटीन का प्रयोग लेटेक्स के निर्माण में किया जाता है, जिसका अर्थ है कि ज्यादातर कंडोम में दूध प्रोटीन होता है।
- कनाडा में, गाय को कृत्रिम हार्मोन से दूध उत्पादन बढ़ाने के लिए देने के लिए अवैध है।
- दुनिया में सबसे ज्यादा प्रयोग किया जाने वाला पासवर्ड 123456 है।
- एक रिपोर्ट के अनुसार, होशियार लोग ज्यादातर अपने आप से बातें करते हैं।
- जुराब यानि मोजे पहन कर सोने वाले लोग रात में बहुत कम बार जागते हैं या बिलकुल नहीं जागते हैं।

2025-26 में 6.4 फीसदी रह सकती है जीडीपी की वृद्धि दर
2030 तक एक लाख करोड़ डॉलर का होगा सेवा निर्यात

नईदिल्ली। वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच 2025-26 में भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 6.4 फीसदी और 2026-27 में 6.3 फीसदी रह सकती है। रेटिंग एजेंसी फिच ने वैश्विक व्यापार युद्ध की आशंकाओं के बीच 2024-25 और 2025-26 के लिए जीडीपी विकास दर अनुमानों में 0.10-0.10 फीसदी की कटौती कर क्रमशः 6.2 फीसदी व 6.4 फीसदी का अनुमान लगाया है। एजेंसी ने 2026-27 के लिए वृद्धि का पूर्वानुमान 6.3 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रखा है। फिच ने 2025 के लिए वैश्विक विकास अनुमानों में भी 0.4 फीसदी की कमी की है। चीन और अमेरिका के लिए विकास अनुमानों में 0.5 प्रतिशत की कटौती की गई है। विश्वास के साथ अमेरिकी व्यापार नीति की भविष्यवाणी करना मुश्किल है। नीतिगत अनिश्चितता के कारण व्यापार निवेश संभावनाओं को नुकसान हो रहा है।

ब्लूस्मार्ट की सेवाएं सेबी के आदेश के बाद फिलहाल ठप इलेक्ट्रिक कैब सेवा देने वाली कंपनी ब्लूस्मार्ट की सेवाएं दिल्ली-एनसीआर, बंगलूरू और मुंबई में काम नहीं कर रही है। बाजार नियामक सेबी ने कंपनी में धन के कथित दुरुपयोग को लेकर इसके संस्थापक पर कार्रवाई की है। जेनसोल के प्रमोटर जग्गी बंधुओं और कंपनी पर यह कार्रवाई की गई है। ब्लूस्मार्ट एप तीनों महानगरों में 8,000 से अधिक टैक्सियां उपलब्ध कराता है। बुधवार शाम को इसने बुकिंग लेना बंद कर दिया और बृहस्पतिवार को भी यह जारी रहा। रोक लगने से हजारों ड्राइवरों की रोजी-रोटी पर खतरा मंडरा रहा है। ग्राहकों ने सोशल मीडिया पर नाराजगी जताई है। कंपनी ने ग्राहकों से कहा, हमने ब्लूस्मार्ट एप पर बुकिंग अस्थायी रूप से बंद करने का निर्णय लिया है।

2030 तक एक लाख करोड़ डॉलर का होगा सेवा निर्यात

भारत से पिछले दशक में सेवा निर्यात में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। बढ़ते संरक्षणवाद तथा निरंतर वैश्विक आर्थिक उथल-पुथल के बावजूद 2030 तक इसका मूल्य एक लाख करोड़ डॉलर तक पहुंच जाएगा। अर्थशास्त्री संदीप वेंपति ने कहा, निर्यात किसी भी अर्थव्यवस्था का अभिन्न अंग है और भारत जैसी बड़ी व विकासशील अर्थव्यवस्था के लिए इसका महत्व है। निर्यात वैश्विक प्रतिस्पर्धा और नवाचार को बढ़ावा देता है। आय अर्जित करने के अवसरों का सृजन करता है। जीवन स्तर को ऊपर उठाता है। 2013 और 2023 के बीच विश्व निर्यात 23.5 लाख करोड़ डॉलर से बढ़कर 31.1 लाख करोड़ डॉलर हो गया।

कर्मचारियों से भेदभाव को लेकर अमेरिका में टीसीएस की जांच शुरू

भारत की आईटी कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज यानी टीसीएस ने अमेरिका में कर्मचारियों की जाति, आयु और राष्ट्रीय मूल के आधार पर उनके साथ भेदभाव किया है। यह राष्ट्रपति बाइडेन प्रशासन के दौरान शुरू होकर ट्रंप के कार्यकाल में भी जारी रहा। अमेरिकी समान रोजगार अवसर आयोग दर्जनों अमेरिकी श्रमिकों के इन आरोपों की जांच कर रहा है। जिन पूर्व कर्मचारियों ने टीसीएस पर उपरोक्त आरोप लगाया है, वे गैर दक्षिण एशियाई जातीय पृष्ठभूमि से 40 वर्ष से अधिक आयु के हैं। आरोप है कि कंपनी ने उन्हें छंटनी के लिए निशाना बनाया, लेकिन भारतीय कर्मियों को नहीं छेड़ा, जिनमें से कुछ एच-1बी कुशल कर्मचारी वीजा पर काम कर रहे थे। इन सभी ने 2023 के अंत में टीसीएस के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। टीसीएस प्रवक्ता ने कहा, गैरकानूनी भेदभाव करने के आरोप निराधार और भ्रामक हैं।

पीएम मोदी ने एलन मस्क से फोन पर बातचीत कर, प्रौद्योगिकी और नवाचार पर की चर्चा

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री मोदी ने टेस्ला के मुखिया एलन मस्क से बातचीत की है। पीएम ने इस बारे में सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट के जरिए जानकारी दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने पोस्ट में बताया कि इस वर्ष की शुरूआत में वाशिंगटन डीसी में हमारी बैठक के दौरान शामिल किए गए विषयों सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। हमने प्रौद्योगिकी और नवाचार के क्षेत्रों में सहयोग की अपार संभावनाओं पर चर्चा की। भारत इन क्षेत्रों में अमेरिका के साथ अपनी साझेदारी को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। पीएम ने एक्स पर एक अन्य पोस्ट में गुरु तेग बहादुर जी के पावन प्रकाश पर्व पर उन्हें अपनी विनम्र श्रद्धांजलि भी अर्पित की। पीएम ने बताया कि उनका जीवन साहस और करुणामय सेवा का प्रतीक है। अन्याय के खिलाफ लड़ने में वे अडिग थे।

उनकी शिक्षाएं हमें उनकी ओर से देखे गए समाज के निर्माण में प्रेरित करती रहेंगी। इसके साथ ही पीएम ने अपने एक पोस्ट में एक और जानकारी दी है। पीएम ने बताया कि यूनेस्को के मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड रजिस्टर में गीता और नाट्यशास्त्र को शामिल किया गया है। पीएम ने कहा, यह दुनिया भर में फैले हर भारतीय के लिए यह गर्व का क्षण है! यह हमारी शाश्वत बुद्धिमत्ता और समृद्ध संस्कृति को मिली वैश्विक मान्यता है।

वर टैरिफ से कमजोर होगी वैश्विक अर्थव्यवस्था, मुद्रास्फीति बढ़ेगी

मंदी का कारण नहीं बनेंगे शुल्क

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने दावा किया है अमेरिकी टैरिफ में वृद्धि से वैश्विक अर्थव्यवस्था कमजोर होगी। इसके अलावा इस वर्ष मुद्रास्फीति बढ़ेगी। हालांकि, आयात शुल्कों में वृद्धि वैश्विक मंदी का कारण नहीं बनेगी। आईएमएफ की प्रबंध निदेशक, क्रिस्टालिना जॉर्जीवा ने बृहस्पतिवार को कहा कि ट्रंप प्रशासन द्वारा लगाए गए शुल्कों से वैश्विक अनिश्चितता में वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि आयात कर वैश्विक विकास को धीमा कर देंगे, लेकिन दुनिया भर में मंदी का कारण नहीं बनेंगे। उन्होंने कहा कि दुनिया की अर्थव्यवस्था की ताकत की परीक्षा हो रही है, क्योंकि वैश्विक व्यापार प्रणाली

में बड़े बदलाव हो रहे हैं, और ये बदलाव वित्तीय बाजारों में उथल-पुथल ला सकते हैं। उन्होंने कहा कि यह अशांति पिछले कुछ हफ्तों से वित्तीय बाजारों में चल रही है। खासकर वॉल स्ट्रीट पर, जिसने दिन-प्रतिदिन और अक्सर घंटे-दर-घंटे उतार-चढ़ाव का अनुभव किया है।

देशों से टैरिफ कम करने की अपील

आईएमएफ प्रमुख जॉर्जीवा ने ट्रंप प्रशासन की कुछ चिंताओं को भी दोहराया। उन्होंने देशों से अपने टैरिफ और व्यापार में अन्य बाधाओं को कम करने की अपील की। उन्होंने कहा, 'व्यापार विकृतियों- टैरिफ और गैर-टैरिफ बाधाओं ने बहुपक्षीय प्रणाली की नकारात्मक धारणाओं को बढ़ावा दिया है, जो सभी को बराबरी का मौका देने में नाकाम रही है। कुछ जगहों पर लगता है कि उनके साथ गलत हो रहा है। उनका मानना है कि वे नियमों का पालन करते हैं, जबकि अन्य नियम तोड़ते हैं और फायदा उठाते हैं।'

इंफोसिस ने सीईओ सलिल पारेख के लिए 51 करोड़ की स्टॉक विकल्प योजना की मंजूरी दी

नई दिल्ली। इंफोसिस ने गुरुवार को बीएसई को दी गई सूचना में बताया कि ईएसओपी 2 मई, 2025 से प्रदान किए जाएंगे और आरएसयू की संख्या की गणना 2 मई, 2025 को कारोबार बंद होने के समय के बाजार मूल्य के आधार पर की जाएगी। कंपनी ने इस दौरान चौथी तिमाही और पूरे वित्त वर्ष 25 का स्कोरकार्ड जारी किया। भारत की दूसरी सबसे बड़ी आईटी कंपनी इंफोसिस के बोर्ड ने सीईओ और एमडी सलिल पारेख को 51 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य का स्टॉक प्रोत्साहन या कर्मचारी स्टॉक विकल्प योजना (ईएसओपी) देने को मंजूरी दे दी है।

ये स्टॉक प्रोत्साहन ईएसजी और इक्विटी सहित विभिन्न मदों के तहत हैं, और इनकी कुल राशि 51 करोड़ रुपये से अधिक है। एक दस्तावेज में कंपनी ने कहा है कि बोर्ड ने नामांकन और पारिश्रमिक समिति की सिफारिशों के आधार पर शेयरधारकों

की मंजूरी के बाद पारेख के लिए इस वार्षिक अनुदान को मंजूरी दे दी है।

कंपनी के अनुसार इस अनुदान में प्रतिबंधित स्टॉक इकाइयों (आरएसयू) के रूप में वार्षिक प्रदर्शन-आधारित स्टॉक प्रोत्साहन (वार्षिक प्रदर्शन इक्विटी अनुदान) भी शामिल है। 2015 की स्टॉक प्रोत्साहन मुआवजा योजना में अनुदान की तिथि तक 34.75 करोड़ रुपये के बाजार मूल्य वाले कंपनी के इक्विटी शेयर शामिल हैं। इंफोसिस ने कहा कि पारेख को यह अनुदान घोषणा की की तारीख से 12 महीने के भीतर दिया जाएगा, बशर्ते कि कंपनी बोर्ड की ओर से प्रदर्शन के लिए निर्धारित लक्ष्यों हासिल कर ले।

कंपनी ने गुरुवार को बीएसई को दी गई सूचना में बताया कि ईएसओपी 2 मई, 2025 से प्रदान किए जाएंगे और आरएसयू की संख्या की गणना 2 मई, 2025 को कारोबार बंद होने के समय के बाजार मूल्य के आधार पर की जाएगी। कंपनी ने इस दौरान चौथी तिमाही और पूरे वित्त वर्ष 25 का स्कोरकार्ड जारी किया।

राशिफल

मेष: यात्रा सफल रहेगी। रुका हुआ धन प्राप्त होने के योग हैं। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल चलेगा। निवेश शुभ रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। विरोध होगा।

वृष: कार्यस्थल पर परिवर्तन संभव है। योजना फलीभूत होगी। घर-परिवार की चिंता बनी रहेगी। कारोबार से लाभ होगा। नौकरी में जवाबदारी बढ़ सकती है।

मिथुन: पूजा-पाठ में मन लगेगा। किसी संत-महात्मा का आशीर्वाद मिल सकता है। राजकीय बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति निर्मित होगी।

कर्क: चोट व दुर्घटना से बचें। शारीरिक हानि हो सकती है। दूसरों के झगड़ों में न पड़ें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। कारोबार ठीक चलेगा।

सिंह: विवाह के उम्मीदवारों को विवाह का प्रस्ताव मिल सकता है। घर-परिवार की चिंता रहेगी। राजकीय सहयोग प्राप्त होगा।

कन्या: भाइयों का सहयोग प्राप्त होगा। शत्रुओं का पराभव होगा। संपत्ति के बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं। रोजगार में वृद्धि होगी। नए काम मिल सकते हैं।

तुला: किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। परिवार के सदस्यों तथा मित्रों के साथ समय सुखद व्यतीत होगा।

वृश्चिक: बुरी खबर मिल सकती है। दौड़धूप अधिक रहेगी। वाणी में हल्के शब्दों के इस्तेमाल से बचें। लेन-देन में जल्दबाजी न करें।

धनु: मेहनत का फल पूरा-पूरा प्राप्त होगा। रिश्तेदारों तथा मित्रों का सहयोग करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

मकर: माता के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। खर्च होगा। शरीर के ऊपरी हिस्से में कष्ट संभव है। अच्छी खबर प्राप्त होगी। आत्मसम्मान बना रहेगा।

कुंभ: भेंट व उपहार की प्राप्ति होगी। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। पार्टनरों से मतभेद दूर होकर सहयोग मिलेगा। यात्रा मनोनुकूल रहेगी।

मीन: अप्रत्याशित बड़े खर्च सामने आएंगे। व्यवस्था में मुश्किल होगी। कानूनी अड़चन आ सकती है। लापरवाही न करें। वाणी पर नियंत्रण रखें।

चुटकुले

एक ऑटो वाले की शादी हो रही थी।
जब उसकी दुल्हन फेरों के वक्त उसके पास बैठी तो वह बोला,
थोड़ा पास होकर बैठो, अभी एक और बैठ सकती है।
फिर क्या था मण्डप मे ही
दे चप्पल दे चप्पल

अपराधी जज साहब मै शराब पिया हुआ नही था.. बल्कि पी रहा था?
जज- तो ऐसा करते है तुम्हारी सजा 1 महीने से घटाकर 30 दिन कर देते है।

अंकल : बेटा क्या करते हो?
लड़का : नारी सम्मान सेवा पर काम कर रहा हूं।
अंकल : सोशल वर्कर हो?
लड़का : नहीं अंकल फेसबुक पर सब लड़कियों की फोटो लाइक करता हूं।

19 04 2025 करंट क्राइम

सेलेब्रिटी जन्मदिन

जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

आज के जन्मदिन


मुकेश अंबानी (उद्योगपति)

गौरी

नित्या

भव्या मिश्रा

अक्षय तोमर

प्रियंका

रोबिन सांगवान

अनमोल शर्मा

मोहित गोयल

अरूण शर्मा

ललित मित्तल

प्रमोद त्यागी

संजय कौशिक

कुलदीप तेवतिया

राहुल गिरी गोस्वामी

नितिन त्यागी

अभिषेक पंडित

राज सिंह

राहुल ठाकुर

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

बीच आईपीएल में सीएसके का मास्टर स्ट्रोक, मुंबई के पूर्व खिलाड़ी की हुई एंट्री

मुंबई। चेन्नई की टीम ने आईपीएल के बीच में मास्टरस्ट्रोक खेला है। टीम ने एक नए खिलाड़ी की एंट्री कर दी है। जल्द ही वो अपनी टीम के लिए खेलते हुए नजर आएगा। हम बात कर रहे हैं डेवाल्ड ब्रेविस की। जो इससे पहले आईपीएल में मुंबई इंडियंस के लिए खेलते रहे हैं, लेकिन इस बार अनसोल्ड चले गए थे, लेकिन अब चेन्नई सुपरकिंग्स ने उन्हें मौका देने के बारे में सोचा है। इससे टीम और भी मजबूत होगी। डेवाल्ड ब्रेविस अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी के लिए जाने और पहचाने जाते हैं।

गुरजपनीत सिंह की जगह डेवाल्ड ब्रेविस की हुई एंट्री

चेन्नई सुपरकिंग्स की ओर से अब से कुछ ही देर पहले सोशल मीडिया पर बताया गया कि गुरजपनीत सिंह चोट के कारण आईपीएल के इस सीजन से बाहर हो गए हैं। उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं। इसके कुछ ही देर बाद टीम ने बताया कि डेवाल्ड ब्रेविस उनकी जगह टीम में आए हैं। अब आप सोच रहे होंगे कि एक भारतीय खिलाड़ी के रिप्लेसमेंट के तौर पर विदेशी खिलाड़ी की एंट्री कैसे हो गई। गुरजपनीत सिंह भारतीय हैं। लेकिन जब नीलामी हुई थी, तब चेन्नई की टीम ने सात ही विदेशी खिलाड़ी अपने स्क्वाड में शामिल किए थे। बीसीसीआई के नियमों के अनुसार कोई भी टीम अपने स्क्वाड में आठ विदेशी खिलाड़ी रख सकती है। यानी चेन्नई के पास एक विदेशी खिलाड़ी का स्लॉट खाली था, जहां टीम ने डेवाल्ड ब्रेविस को शामिल कर लिया है।

मुंबई के लिए आईपीएल खेल चुके हैं डेवाल्ड ब्रेविस

मूल रूप से साउथ अफ्रीका के डेवाल्ड ब्रेविस की तुलना एबी डिविलियर्स के साथ होती है। इससे पहले वे मुंबई इंडियंस के लिए आईपीएल खेल चुके हैं। आईपीएल 2022 और 2024 में वे मुंबई इंडियंस का हिस्सा रहे हैं। इस दौरान उन्होंने इस टीम के लिए 10 मैच खेलकर 230 रन बनाए हैं। उनका औसत करीब 23 का रहा है और वे 133.72 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी करते हैं। हालांकि उन्हें काफी कम मौके आईपीएल में इस टीम के लिए खेलने को मिले।

सीएसके के सामने बल्लेबाजी संकट

चेन्नई की टीम इस वक्त अपनी बल्लेबाजी से जूझ रही है। रुतुराज गायकवाड चोटिल होकर पहले ही पूरे टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। इसके बाद कप्तानी की जिम्मेदारी एक बार फिर से एमएस धोनी के कंधों पर दी गई है। बाकी बल्लेबाजी भी कुछ खास नहीं कर पा रहे हैं। ऐसे में जैसे ही डेवाल्ड ब्रेविस अपनी टीम के साथ जुड़ेंगे जल्द ही खेलते हुए भी नजर आ जाएंगे। वैसे तो सीएसके की टीम अभी अंक तालिका में दसवें नंबर पर है, लेकिन अभी भी प्लेऑफ की रेस से बाहर नहीं हुए हैं। यहां से टीम अगर जीत का सिलसिला शुरू करे तो टॉप 4 में पहुंच सकती है।

सौरव कोठारी ने हासिल की खास उपलब्धि, पंकज आडवाणी को हराकर आईबीएसएफ विश्व बिलियर्ड्स चैंपियन बने

नई दिल्ली। भारत के दिग्गज क्यू खिलाड़ी सौरव कोठारी ने आयरलैंड के कार्लो में कई बार के विजेता पंकज आडवाणी को फाइनल में हराकर 2025 आईबीएसएफ विश्व बिलियर्ड्स खिताब जीत लिया। क्यू स्पोर्ट्स की दुनिया ने बुधवार को स्नूकर और बिलियर्ड्स आयरलैंड (एसबीआई) अकादमी में प्रतिष्ठित खिताब के लिए भारत के दो बेहतरीन खिलाड़ियों- कोठारी और आडवाणी के बीच रोमांचक मुकाबला देखा।

कोठारी (40 वर्ष) आडवाणी को 725-480 अंक से हराकर चैंपियन बने। कोठारी का 325 का ब्रेक मैच का सबसे शानदार पल था जो हालिया चैंपियनशिप के इतिहास में सबसे बेहतरीन प्रयास में से एक भी रहा। कोठारी ने 119 और 112 के ब्रेक भी लगाए। इस जीत से कोठारी ने पहला ऐतिहासिक आईबीएसएफ विश्व खिताब अपने नाम किया।

विकेटकीपर की गलती की सजा बॉलर क्यों भुगते?

बवाल होने के बाद वरुण चक्रवर्ती ने फूंका बिगुल

नई दिल्ली। भारतीय स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने आईसीसी के नियमों के खिलाफ आवाज बुलंद की है। उनका मानना है कि जो गलती विकेटकीपर ने की है, उसकी सजा गेंदबाज को क्यों मिलनी चाहिए। वरुण चक्रवर्ती ने वह मुद्दा उठाया है, जिसमें विकेटकीपर के दस्ताने स्टंप्स से आगे निकल आते हैं तो गेंद को नो बॉल करार दे दिया जाता है। वरुण चक्रवर्ती ने इसी नियम को लेकर अपना पक्ष रखा है और कहा है कि इस तरह के नियमों में बदलाव होना चाहिए।



दरअसल, मामला ये है कि गुरुवार 17 अप्रैल को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए मुंबई इंडियंस वर्सेस सनराइजर्स हैदराबाद मैच के दौरान मुंबई के ओपनर रियान रिकेल्टन को सनराइजर्स हैदराबाद के स्पिनर जीशान मलिंगा ने पैट कमिंस के हाथों कैच आउट करा दिया था। वे पवेलियन लौट चुके थे, लेकिन बाउंड्री के पार जाने के बावजूद चौथे अंपायर ने उनको रोक दिया था, क्योंकि थर्ड अंपायर विकेटकीपर के दस्ताने चेक कर रहे थे।

थर्ड अंपायर ने पाया कि एक समय ऐसा था जब विकेटकीपर हेनरिक क्लासेन के दस्ताने स्टंप्स से आगे निकल आए थे। आईसीसी और आईपीएल के नियमों के मुताबिक, ये गेंद नो बॉल हुई। इस पर वरुण चक्रवर्ती ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, अगर कीपर के दस्ताने स्टंप के सामने आ जाते हैं, तो यह डेड बॉल होनी चाहिए और कीपर के लिए चेतावनी होनी चाहिए ताकि वह दोबारा ऐसा ना करे! नो बॉल और फ्री हिट नहीं! इसमें गेंदबाज की क्या गलती है? इस पर खूब सोच रहा हूं! आप सब क्या सोचते हैं? वरुण चक्रवर्ती ने मुद्दा तो ठीक उठाया है, क्योंकि इसमें गेंदबाज की कोई गलती नहीं है। फिर भी उसके खाते में नो बॉल जोड़ दी जाती है और अगली गेंद फ्री हिट भी मिलती है, जबकि गेंदबाज का इसमें कोई भी दोष नहीं है। भले ही हेनरिक क्लासेन के पास गेंद ना पहुंची हो, लेकिन लॉ 27.3.1 ये कहता है कि जब गेंद प्ले में आती है तो विकेटकीपर को पूरी तरह स्टंप्स के पीछे रहना होगा। क्लासेन से ये गलती हो गए और बल्लेबाज नॉट आउट रहा।

इस खिलाड़ी ने अकेले 6 अंक स्कोर कर टीम को दिलाया खिताब

नई दिल्ली। अंतर महाविद्यालयीय कबड्डी बरियासनपुर स्थित महादेव पीजी कॉलेज परिसर में खेली गई। इसमें महादेव पीजी कॉलेज के कबड्डी टीम की कैप्टन राष्ट्रीय खिलाड़ी नेहा भारद्वाज ने फाइनल में अकेले छह अंक स्कोर कर टीम को पांच अंक के अंतर से खिताब दिलाने में कामयाब हुई।

बसंत कन्या पीजी कॉलेज कमच्छा वाराणसी की ओर से आयोजित इस प्रतियोगिता में दो पूल में पांच टीमों में मुकाबला खेला गया। उद्घाटन मैच बसंत महिला पीजी कॉलेज की टीम और सिंहपुर एलिस क्लब के बीच खेला गया। इसमें सिंहपुर की टीम पांच अंकों से विजेता रही। दूसरा मैच युवक मंगल दल गौरा कला और बसंत महिला पीजी कॉलेज की बी टीम के बीच खेला गया। इसमें युवक मंगल दल गौरा कला की टीम ने बाजी मारी।

फाइनल महादेव पीजी कॉलेज और सिंहपुर एलिस क्लब के बीच हुआ। इसमें महादेव पीजी कॉलेज की टीम ने 11 अंक स्कोर किया जबकि सिंहपुर कि टीम 6 अंक ही स्कोर कर पाई। इस प्रकार महादेव पीजी कॉलेज ने पांच अंकों से जीत हासिल करने में कामयाब रही।

प्रतियोगिता का शुभारंभ महादेव पीजी कॉलेज के प्रबंधक अजय सिंह और बसंत कन्या पीजी कॉलेज की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. सिमरन सेठ ने खिलाड़ियों से परिचय लेकर कराया। प्रतिभागियों को मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। उक्त अवसर पर महादेव पीजी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. दया शंकर सिंह, पूर्व ग्राम प्रधान देवराज पटेल, खेलसचिव डॉ. भीमशंकर मिश्रा, रेफरी राम अवध, बिहारी पाल, अवनीश सिंह रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. लोकनाथ पांडेय और डॉ. गौरव मिश्रा ने किया।

कैरम नॉकआउट दौर में काशी के दो खिलाड़ी

29वीं उत्तर प्रदेश राज्य कैरम चैंपियनशिप प्रतियोगिता प्रयागराज में खेली जा रही है। प्रतियोगिता के दूसरे दिन काशी के दो खिलाड़ियों शिव दयाल यादव और गौरव गुप्ता ने अपने अपने मुकाबले जीत नॉकआउट दौर में प्रवेश कर लिया। साथ ही कैरम के नंबर वन रैंकिंग वाले खिलाड़ी आरिफ सहित कुल 56 पुरुष खिलाड़ियों ने नॉकआउट दौर में प्रवेश कर लिया है।

सारनाथ स्थित बॉक्सिंग एकेडमी के खिलाड़ी अमन यादव का चयन भारतीय आवासीय योजना में प्रवेश के लिए हुआ है। एकेडमी के कोच दिलीप कुमार सिंह ने बताया कि दिलीप शुरू से ही बहुत मेहनती था और इसकी मेहनत का फल मिला। अमन यादव नेशनल मेडलिस्ट भी है। अमन यादव की उपलब्धि से एकेडमी के खिलाड़ियों में खुशी का माहौल है।

किक बॉक्सिंग पदक विजेता पूजा पटेल सम्मानित

थाईलैंड में आयोजित अंतरराष्ट्रीय किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में रजत पदक जीतने वाली पूजा पटेल बृहस्पतिवार को सम्मानित हुईं। उनके सम्मान में हरहुआ के राजेश्वरी बालिका इंटर कॉलेज समारोह का आयोजन हुआ। इसमें उन्हें स्मृति चिह्न, अंगवस्त्र और पांच हजार रुपये नकद धनराशि भेंट की गई। इस मौके पर विद्यालय के प्रबंधक कौशलेंद्र नारायण सिंह, डॉ. एसडी सिंह मौजूद रहे।

प्रतियोगिता में इन टीमों ने किया प्रतिभाग

अंतर महाविद्यालयीय प्रतियोगिता में महादेव पीजी कॉलेज बरियासनपुर, बसंत महिला पीजी कॉलेज की ए और टीम बी, महिला मंगल दल सिंहपुर, एलिस क्लब सहित पांच टीमों के करीब 80 से अधिक खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया।

एसएस पब्लिक स्कूल में फुटबॉलर नोजुमु का स्वागत

एसएस पब्लिक स्कूल में फुटबॉलर नोजुमु हागिहारा का का स्वागत संस्था के निदेशक प्रखर सिंह ने किया। वे कोलकाता से दिल्ली तक लगातार फुटबॉल खेलते हुए पैदल चलकर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड स्थापित करने का प्रयास कर रहे हैं। मशहूर फुटबॉलर नोजुमु हागिहारा ने छात्र-छात्राओं से बात कर उनके सवालों के जवाब दिए और उन्हें भविष्य की चुनौतियों से लड़ने के लिए तैयार रहने की भी बात कही। प्रधानाचार्या संध्या सिंह ने उनका स्वागत किया।

आर्मी स्कूल, बिशप कॉनराड, डीपीएस व एयरफोर्स स्कूल की टीमें सेमीफाइनल में

बरेली। बरेली में श्रीराम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल फुटबॉल टूर्नामेंट में बृहस्पतिवार को क्वार्टर फाइनल मुकाबले खेले गए। आर्मी पब्लिक स्कूल सीनियर विंग, डीपीएस, चाइल्ड केयर बिशप कॉनराड और एयर फोर्स स्कूल ने जीत दर्जकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

पहला क्वार्टर फाइनल मुकाबला मानस स्थली स्कूल और आर्मी पब्लिक स्कूल सीनियर विंग के बीच हुआ। आर्मी पब्लिक स्कूल की ओर से 11वें मिनट में आयुष शर्मा ने पहला गोल किया। 13वें मिनट में हर्षित ने, 17वें मिनट में आर्यन सिंह, 21वें, 35वें और 49वें मिनट में हर्षित ने लगातार गोल कर आर्मी पब्लिक स्कूल की टीम को अजेय बढ़त दिला दी। आर्मी पब्लिक स्कूल ने मानस स्थली स्कूल को 6-0 से मात दी।

दूसरे मैच में आर्मी पब्लिक स्कूल जूनियर विंग और डीपीएस के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली। 50वें मिनट में अद्वय और 55वें मिनट में अजीज ने गोल कर डीपीएस को बढ़त दिलाई। मैच समाप्त होने तक आर्मी पब्लिक स्कूल जूनियर विंग की टीम वापसी नहीं कर पाई। नतीजा डीपीएस ने 2-0 से आर्मी पब्लिक स्कूल को पराजित किया। इस अवसर पर एसआरएमएस ट्रस्ट के सचिव आदित्य मूर्ति, बरेली फुटबॉल संघ के सचिव मून राबिंसन, उपाध्यक्ष देवेंद्र सिंह देवलिया, टूर्नामेंट की आयोजन समिति के ऑर्गनाइजिंग सेक्रेटरी डॉ. सोवन मोहंती, नितिन सक्सेना, शंकरपाल मौजूद रहे।

तीसरे क्वार्टर फाइनल में पीएमश्री केवी एनईआर और चाइल्ड केयर बिशप कॉनराड की टीमों के बीच भिड़ंत हुई। मैच समाप्त होने तक दोनों टीमें 2-2 गोलों से बराबरी पर रहीं। ऐसे में मैच का नतीजा पेनाल्टी शूटआउट से निकाला गया। पीएम श्री केवी एनईआर ने पांच पेनाल्टी शूटआउट में से दो को गोल में बदला, जबकि चाइल्ड केयर बिशप कॉनराड ने तीन को गोल में तब्दील किया।

एयरफोर्स स्कूल और जीआरएम सीनियर सेकेंडरी स्कूल के बीच हुए चौथे क्वार्टर फाइनल में हाफ टाइम तक दोनों टीमें कोई गोल नहीं कर सकीं। 33वें मिनट में अमन ने गोल कर एयरफोर्स स्कूल को बढ़त दिला दी। 40वें मिनट में कार्तिक और 49वें मिनट में ध्रुव ने भी एक-एक गोल कर स्कोर 3-0 कर दिया। जीआरएम की टीम एक भी गोल नहीं दाग पाई।

वानखेड़े स्टेडियम में सनराइजर्स का सूर्य अस्त, मुंबई इंडियंस ने हैदराबाद को 4 विकेट से हराया

मुंबई। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के 33वें मैच में वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई इंडियंस ने सनराइजर्स हैदराबाद को 4 विकेट से हरा दिया। मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी सनराइजर्स हैदराबाद ने 20 ओवर में 5 विकेट पर 162 रन बनाये। लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुंबई इंडियंस ने 18.1 ओवर में 6 विकेट पर 166 रन बनाकर मैच जीत लिया।

मुंबई इंडियंस की ओर से विल जैक्स सर्वोच्च स्कोरर रहे। उन्होंने 36 रन बनाये। रयान रिकेलटन 31, रोहित शर्मा 26, सूर्यकुमार यादव 26 और हार्दिक पंड्या 21 रन बनाकर आउट हुए। तिलक वर्मा 21 रन बनाकर नाबाद रहे। पैट कमिंस सनराइजर्स हैदराबाद के सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने 26 रन देकर 3 विकेट लिये। इशान मलिंगा ने 36 रन देकर 2 और हर्षल पटेल ने 31 रन देकर एक विकेट लिया।

सनराइजर्स हैदराबाद की पारी की बात करें तो अभिषेक शर्मा ने सबसे ज्यादा 40 रन बनाये। हेनरिक क्लासेन 37 रन बनाकर आउट हुए। ट्रेविस हेड ने 28 और नितीश कुमार रेड्डी 19 रन बनाकर आउट हुए। अनिकेत वर्मा 8 गेंद में 18 और पैट कमिंस 4 गेंद में 8 रन बनाकर नाबाद रहे। मुंबई इंडियंस की ओर से विल जैक्स ने 3 ओवर में 14 रन देकर 2 विकेट लिये। ट्रेंट बोल्ट, जसप्रीत बुमराह और हार्दिक पंड्या ने क्रमशः 29, 21 और 42 रन देकर 1-1 विकेट लिये।

इस जीत के बाद मुंबई इंडियंस ने आईपीएल 2025 की अंक तालिका में 7वें नंबर पर अपनी स्थिति और मजबूत की। सनराइजर्स हैदराबाद भी 9वें नंबर पर मौजूद है। मुंबई इंडियंस का नेट रनरेट 0.239, जबकि सनराइजर्स हैदराबाद का -1.217 है। इस मैच से पहले मुंबई इंडियंस और सनराइजर्स हैदराबाद दोनों ने अपने पिछले मुकाबलों में जीत हासिल की थी। मुंबई इंडियंस बनाम सनराइजर्स हैदराबाद मैच के लिए हुए टॉस के बाद हार्दिक पंड्या ने बताया था कि मुंबई इंडियंस की प्लेइंग इलेवन में कोई बदलाव नहीं है। पैट कमिंस की अगुआई वाली सनराइजर्स हैदराबाद भी पुरानी एकादश के साथ ही खेली।

प्रधानमंत्री मोदी ने की वंदना कटारिया के करियर की सराहना

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हॉकी स्टार वंदना कटारिया के खेल में योगदान की सराहना करते हुए कहा कि अपने शानदार करियर में 320 अंतरराष्ट्रीय मैच में खेलना उनके कौशल और नेतृत्व का प्रमाण है जिसने भारतीय हॉकी को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सबसे ज्यादा मैच खेलने वाली भारतीय महिला हॉकी खिलाड़ी कटारिया ने इस महीने की शुरूआत में अंतरराष्ट्रीय खेल से संन्यास की घोषणा की जिससे उनके 15 साल के करियर का अंत हो गया।

इस 32 वर्षीय स्ट्राइकर ने भारत के लिए 320 मैच में 158 गोल किए और वह उस राष्ट्रीय टीम का हिस्सा थीं जिसने 2021 में टोक्यो ओलंपिक में ऐतिहासिक चौथा स्थान हासिल किया। पीएम मोदी ने एक्स पर साझा किए गए पत्र में लिखा, 'भारतीय महिला हॉकी टीम की एक बेहतरीन खिलाड़ी के तौर पर उपलब्धियों से भरे शानदार करियर की बधाई और जीवन की एक नई पारी शुरू करने के लिए आपको हार्दिक शुभकामनाएं। अपने खेल से देशवासियों को गर्व के अनेक अवसर देते हुए आपने विभिन्न प्रतियोगिताओं में देश के तिरंगे को ऊंचा रखने में बड़ा योगदान दिया।'

हरिद्वार के रोशनाबाद में जन्मी कटारिया का जन्म साधारण पृष्ठभूमि से हुआ था। उनके पिता भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) में तकनीशियन के रूप में काम करते थे। उन्होंने जाति-आधारित और लिंग-आधारित गालियों के साथ-साथ खराब स्वास्थ्य और अवसाद से जूझते हुए भारतीय हॉकी की दिग्गज खिलाड़ी बनने के लिए संघर्ष किया।

प्रधानमंत्री ने कहा, 'एक साधारण पृष्ठभूमि से आगे आकर अपनी कड़ी मेहनत, समर्पण और प्रतिबद्धता से हॉकी जगत में एक विशेष पहचान बनाने तक की आपकी यात्रा उल्लेखनीय है। भारतीय महिला हॉकी इतिहास की सबसे अधिक मैच खेलने वाली खिलाड़ी बनना आपकी विशिष्ट क्षमताओं का परिचायक है। एक कप्तान के तौर पर आपकी नेतृत्व क्षमता व टीम भावना सराहनीय रही और हॉकी को नई ऊंचाईयों पर ले जाने में आपने अहम भूमिका निभायी।'

उन्होंने लिखा, 'देश का प्रतिनिधित्व करते हुए विभिन्न प्रतियोगिताओं में आपके उत्साह और टीम की आवश्यकता के अनुरुप खेल में विविधता को सराहा जाता रहा है। जूनियर महिला विश्व कप में भारत को ऐतिहासिक कांस्य पदक दिलाना हो या महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में सोने का तमगा जीतना या फिर एफआईएच महिला नेशंस कप में स्वर्ण, आपका करियर ऐसी अनेक सफलताओं से भरा हुआ है।'

कटारिया ओलंपिक में हैट्रिक बनाने वाली पहली और एकमात्र भारतीय महिला हैं। पीएम मोदी ने लिखा, 'आपके करियर में कई ऐसे मौके आए हैं जो प्रशंसकों के जेहन में हमेशा ताजा रहेंगे। इनमें से एक 2020 तोक्यो ओलंपिक में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आपकी हैट्रिक भी शामिल है, जिसे लंबे समय तक याद रखा जाएगा।'

उन्होंने लिखा, 'एक खिलाड़ी के रूप में करोड़ों खेल प्रेमियों की उम्मीदों पर खरा उतरना और स्वयं को निरंतर निखारते रहना एक बड़ी चुनौती होती है। अंतरराष्ट्रीय हॉकी से संन्यास के बाद जब आप पीछे मुड़कर अपने करियर को देखेंगी तो निश्चय ही आपको यह अनुभूति होगी कि आपने अपने परिवार, मित्रों और प्रशंसकों के मस्तक को ऊंचा करने कार्य किया है।' उन्होंने कहा, 'भारत की सबसे बेहतरीन फॉरवर्ड खिलाड़ियों में से एक के रूप में आपके द्वारा स्थापित उच्च मानक युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा के समान हैं। मुझे विश्वास है कि संन्यास के बाद भी आप खेल से जुड़ी रहेंगी और अपने समृद्ध अनुभव और कुशल मार्गदर्शन से हमारी पीढ़ियों को लाभान्वित करते हुए भारतीय हॉकी को और मजबूती देंगी।'

'जल्द बड़ी पारी खेलेंगे...' रोहित शर्मा को लेकर पूर्व क्रिकेटर की भविष्यवाणी

नई दिल्ली। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज मार्क बाउचर का मानना है कि खराब फॉर्म से जूझ रहे मुंबई इंडियंस के अनुभवी बल्लेबाज रोहित शर्मा आईपीएल में लय में लौट रहे हैं और जल्दी ही बड़ी पारी खेलेंगे। रोहित इस सत्र में छह मैचों में अर्धशतक नहीं बना सके। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ गुरुवार को 26 रन का स्कोर उनका सर्वोच्च स्कोर है।

मुंबई इंडियंस के पूर्व मुख्य कोच बाउचर ने आईपीएल प्रसारकों से कहा ,हमने इस मैच में रोहित शर्मा की शैली के बड़े छक्के देखे । मुझे उसके तेवर पसंद आये । उसने गेंदबाजों पर दबाव बनाया और रन बनाने के मौके तलाशे। वह जल्दी ही बड़ी पारी खेलेगा।

पंड्या के बारे में पूर्व भारतीय क्रिकेटर अजय जडेजा ने कहा , हार्दिक पंड्या मोर्चे से अगुवाई कर रहे है। गेंदबाजी हो, बल्लेबाजी या फील्डिंग । वह हमेशा मुस्कुराते रहते है और कभी हार नहीं मानते । हार्दिक पंड्या दुनिया के सर्वश्रेष्ठ हरफनमौलाओं में से है । जब वह अच्छा खेलता है तो टीम जीतती है । अब वह सिर्फ पावरप्ले में ही नहीं बल्कि बीच के ओवरों में भी गेंदबाजी कर रहा है और विकेट भी ले रहा है । इससे उसका आत्मविश्वास बढेगा।

विल जैक्स के बारे में उन्होंने कहा ,वह दबाव में लग रहा है और उस तरह से प्रदर्शन नहीं रहा है, जैसा वह करना चाहता होगा । लेकिन वह शानदार खिलाड़ी है और जबर्दस्त हरफनमौला है । उसने कुछ अहम विकेट लिये जिससे बतौर बल्लेबाज भी उसका आत्मविश्वास बढा है । आखिरकार वह योगदान दे पा रहा है और इस लय को कायम रखना चाहेगा।

नम आंखों से दी गई स्वर्गीय ओमकार पुंडीर को श्रद्धांजलि

गाजियाबाद(करंट क्राइम)। भाजपा के पूर्व महानगर मंत्री दीपक ठाकुर के पिता ओमकार पुंडीर का निधन 12 अप्रैल को हो गया था। उनकी शोक सभा उनके पैतृक गांव ढहाना में आयोजित हुई। आशीर्वाद फार्महाउस में आयोजित शोक सभा में समाज के गणमान्य लोगों ने पहुंचकर स्वर्गीय ओमकार पुंडीर को श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

नेशनल हेराल्ड मामले को लेकर भाजपा युवा मोर्चा ने किया पुतला दहन

नेशनल हेराल्ड घोटाला देश की जनता के साथ धोखा : मयंक गोयल

गाजियाबाद, करंट क्राइम। नेशनल हेराल्ड मामले को लेकर भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल के निर्देशानुसार भाजपा युवा मोर्चा ने कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी का पुतला दहन किया। यह विरोध प्रदर्शन नवयुग मार्केट स्थित शहीद मार्ग पर आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में युवा कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यक्रम की अगुवाई भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल एवं युवा मोर्चा अध्यक्ष सचिन डेढ़ा ने की। इस मौके पर भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने कहा, नेशनल हेराल्ड घोटाला देश की जनता के साथ किया गया एक बड़ा धोखा है। सोनिया गांधी और राहुल गांधी को इस घोटाले में जवाब देना होगा। भाजपा कार्यकर्ता भ्रष्टाचार के खिलाफ सड़क से संसद तक आवाज उठाते रहेंगे।

पुतला दहन कार्यक्रम में मुख्य रूप से महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल, युवा मोर्चा अध्यक्ष सचिन डेढ़ा, पूर्व पार्षद प्रदीप चौहान, युवा मोर्चा पश्चिम उत्तर प्रदेश क्षेत्रीय महामंत्री अनुज कश्यप, आशुतोष शर्मा, महानगर उपाध्यक्ष राम त्यागी, मोनू त्यागी, आशीष चौधरी, महानगर महामंत्री नितिन शर्मा, महानगर मंत्री दीपक शर्मा, रोबिन तोमर, पुष्पेंद्र गुप्ता, पंकज लड्ढू, अनुज कसाना, कपिल मावी, रॉबिन भड़ाना, सोनू चौधरी, आशु गुर्जर सूरत सेन विपिन यादव मोहित ठाकुर राहुल भाटी एवं पंकज भारद्वाज, अभिजीत मुखर्जी, अनुज राघव सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे, जिन्होंने कांग्रेस के खिलाफ नारेबाजी की और न्याय की मांग की।

कांग्रेस पार्टी ने सालों तक देश को लूटा : सचिन डेढ़ा

करंट क्राइम। युवा मोर्चा अध्यक्ष सचिन डेढ़ा ने कहा, कांग्रेस पार्टी ने सालों तक देश को लूटा है। नेशनल हेराल्ड घोटाले में दोषियों को सजा दिलाने के लिए युवा मोर्चा सड़कों पर संघर्ष करता रहेगा। हम जनता को जागरूक करने का काम करते रहेंगे।

प्रेमी ने दरांती से प्रेमिका को काट डाला, आरोपी गिरफ्तार

हापुड़ (करंट क्राइम)। एक प्रेमी ने अपनी प्रेमिका की निर्मम हत्या कर दी। नगर कोतवाली क्षेत्र के शिवगढ़ी के जंगल में श्मशान घाट के पास महिला का शव मिला था। पुलिस ने तीन दिन में इस ब्लाइंड मर्डर का खुलासा कर दिया है। डेढ़ साल पूर्व हुई थी दोस्ती आरोपी इरशाद टाइल्स का काम करता है। डेढ़ साल पहले उसकी मुलाकात विधवा अंजू से हुई थी। अंजू घरों में

काम करती थी। दोनों के बीच प्रेम संबंध बन गए और नियमित रूप से मिलने लगे। इरशाद अपनी ज्यादातर कमाई अंजू पर खर्च करता था पैसे मांगने पर की थी हत्या एएसपी विनीत भटनागर के अनुसार, पिछले कुछ महीनों से अंजू लगातार इरशाद से पैसे मांग रही थी। वह दुर्व्यवहार भी करती थी। कई बार उसने इरशाद को फंसाने की धमकी भी दी।

इससे मानसिक रूप से परेशान होकर इरशाद ने हत्या की योजना बनाई। 14 अप्रैल को इरशाद चाकू और दरांती लेकर अंजू को शिवगढ़ी श्मशान घाट के पास ले गया। शव को कूड़े के ढेर के पास फेंक दिया यह वही जगह थी जहां दोनों पहले भी मिलते थे। वहां उसने पहले चाकू और फिर दरांती से अंजू की हत्या कर दी। शव को कूड़े के ढेर के पास फेंक दिया। सबूत मिटाने के लिए दरांती और मोबाइल को नाले में फेंक दिया। पुलिस ने साक्ष्य जुटाकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मामले की जांच जारी है।

पुलिस की चेन स्नेचर से मुठभेड़, जवाबी फायरिंग में पैर में लगी गोली

नोएडा (करंट क्राइम)। थाना फेस-1 पुलिस सेक्टर-15ए के पीछे गंदे नाले को जाने वाली सड़क पर चेकिंग कर रही थी। सेक्टर-16 की तरफ से एक व्यक्ति बाइक पर आता दिखाई दिया। इसे रूकने का इशारा करने पर व्यक्ति अपनी बाइक को वापस पीछे मोड़कर सेक्टर-16 की तरफ जाने वाले गंदे नाले की पटरी पर भागने का प्रयास करने लगा। पुलिस टीम द्वारा करीब 600 मीटर तक पीछा करने पर बाइक फिसलकर गिर गई। जिस पर उसके द्वारा भागने के प्रयास किया। वार्निंग देने पर चलाई गोली पुलिस ने वॉर्निंग दी कि अपने आप को सरेंडर कर दो।

पति पर दूसरी शादी करने का आरोप, रिपोर्ट दर्ज

मोदीनगर, करंट क्राइम। एक महिला की ओर से मुख्यमंत्री से शिकायत करने के बाद दूसरी शादी करने वाले पति के खिलाफ पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। थानान्तर्गत गांव कादराबाद निवासी ज्योति की शादी सचिन से हुई थी। दोनों के दो बच्चे भी है। ज्योति का आरोप है कि पति सचिन ने बिना तलाक दिये दूसरी शादी कर ली है। इस संबंध में महिला ने थाने में तहरीर दी थी, बकायदा दूसरी शादी के सबंध में कागजात भी पुलिस को सौंपे थे, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद पीड़िता ने प्रदेश के मुख्यमत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर न्याय की गुहार लगाई। एसीपी ज्ञानप्रकाश राय ने बताया कि इस मामले में पति सचिन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

किसान के घर में लाखों की चोरी

मोदीनगर, करंट क्राइम। एक किसान अपने परिवार के साथ गेहूं की कटाई करने खेत में गया। इसी बीच उसके घर से चोरों ने हजारों की नगदी व लाखों के जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। गांव असदपुर नागल निवासी किसान प्रवेश कुमार मजदूरी कर परिवार का गुजर बसर करता है, जब वह अपनी पत्नि व बच्चो को साथ लेकर गेहूँ की कटाई करने के लिये खेत पर गया था, इस बीच चोरों ने उसका घर खंगाल डाला। घटना की सूचना पाकर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया हैं।

जल्द भेजे जाएंगे कमिश्रेरेट से अंडर ट्रांसफर टू-स्टार

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में वैसे तो बदलाव होने के बाद अब नई प्रक्रिया और नई पुलिसिंग की कवायत शुरू हो गई है। तो वहीं अभी से ही निरीक्षण व दौरों का मामला शुरु हो गया बताया जा रहा है। उधर जिस तरह से खुद पुलिस कमिश्नर ने छुट्टी वाले दिन बैठकर संदेश दिया है कि हार्ड वर्किंग से ही कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद को आगे लेकर जाएंगे। तो वहीं पहले ही दिन जिस तरीके से नए वाले साहब ने पुलिस ऑफिस से लेकर आसपास का हाल जाना है वो भी अलग संदेश है। वहीं पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि जिस तरीके से शुक्रवार को क्राइम वाली मीटिंग हुई है, उसके बाद पुलिस कमिश्नरेट के कई सीन बदलने वाले हैं। उधर

पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम के सूत्रों से जानकारी मिली है कि जो टू-स्टार अंडर ट्रांसफर चल रहे थे और लंबे समय से गाजियाबाद में जमे हुए हैं,जल्दी ही उनकी रवानगी के आदेश भी आने वाले हैं। साथ ही ऐसे भी पुलिसकर्मियों को खोजा जा रहा है जो अपना समय पूरा करने के बाद गाजियाबाद में जमे हुए हैं। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में जहां कमिश्नर का नया ठिकाना बदल गया है। तो बताया जा रहा है कि जिस तरीके से कमिश्नरेट के सभी थानों में व्यवस्था और सफाई वाला कार्यक्रम शुरू किया गया है, उसका भी जल्द अभियान शुरू होने वाला है। उधर पुलिस के सूत्र बता रहे हैं कि बीते दिनों पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद से बड़ी संख्या में टू-स्टार के तबादले हुए थे। उन्हें गैर जनपद और कमिश्नरेट में जाना था, उसमें से बहुत लोग अभी बचे हुए हैं, उनको भी जल्द यहां से भेजा जाएगा। वहीं सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस कमिश्नरेट में एक साहब के टू-स्टार ने भी साहब के जाते ही कमिश्नरेट छोड़ दिया है। कुल मिलाकर लोकल सूत्रों से जानकारी मिली है कि आने वाले दिनों में पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद से उन टू-स्टार को खोज-खोज कर भेजा जाएगा, जो ट्रांसफर होने के बाद यहां जमे हुए हैं। देखना होगा कि थाने का चार्ज संभालने वालों पर कब नजर जाती है और ऐसे कौन से पुलिसकर्मी खोजे जाते हैं, जो यहां अभी जमे बैठे हुए हैं।

'एक राष्ट्र, एक चुनाव' की मांग ने पकड़ी रफ्तार : मयंक गोयल

सरदार एसपी सिंह बने अभियान के समन्वयक

गाजियाबाद, करंट क्राइम। देशभर में चुनाव सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में एक राष्ट्र, एक चुनाव की मांग को व्यापक जनसमर्थन मिल रहा है। इस अभियान को गाजियाबाद से गति देने के उद्देश्य से भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने लोगों से इस दिशा में जागरूक होने का आह्वान किया है। इस अवसर पर मयंक गोयल ने कहा, एक राष्ट्र, एक चुनाव न केवल देश के संसाधनों की बचत करेगा, बल्कि इससे शासन व्यवस्था अधिक स्थिर और सुचारु होगी। बार-बार होने वाले चुनावों से जो प्रशासनिक बाधाएं और व्यय बढ़ता है, वह देश की विकास प्रक्रिया में रुकावट बनता है।

अभियान की गंभीरता और दिशा को देखते हुए पूर्व महानगर अध्यक्ष व उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व सदस्य सरदार एसपी सिंह को इस अभियान का समन्वयक नियुक्त किया गया है। श्री सिंह शहर के आरडब्ल्यूए, व्यापार मंडल, समाजसेवी संस्थाएं, शिक्षण संस्थान, जनप्रतिनिधि और विभिन्न सामाजिक व राजनीतिक संगठनों को इस अभियान से जोड़ने व जागरूकता फैलाने का कार्य करेंगे।

सरदार एसपी सिंह ने जानकारी देते हुए कहा, देश की लोकतांत्रिक प्रक्रिया को सशक्त और सुचारु बनाने के लिए 'एक

राष्ट्र, एक चुनाव' की अवधारणा समय की मांग है। पूरे देश में लोकसभा और विधानसभा चुनाव होने से न केवल संसाधनों की बचत होगी, बल्कि विकास कार्यों में गति भी आएगी। लोकसभा और विधानसभा के चुनाव एक साथ कराना, देश की स्थिरता और प्रगति का आधार बन सकता है। गाजियाबाद की जनता का इस अभियान से जुड़ाव इस दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। इसी दिशा में युवाओं द्वारा पैदल यात्रा करते हुए व व्यापार मंडलों व अन्य संस्थाओं द्वारा इस माँग के समर्थन में प्रस्ताव भी पारित किए जाएँगे।

पार्षद डॉ. अनिल तोमर में नीतिखंड 3 के पार्क में लगवाया सबमर्सिबल पंप

साहिबाबाद (करंट क्राइम)। इंदिरापुरम के पार्षद डॉ. अनिल तोमर नीति खंड 3 के पार्क में नया सबमर्सिबल पंप लगवाया। इस पंप से पार्क में लगाए गए पेड़-पौधों को पानी दिया जा सकेगा। उद्घाटन के बाद पार्षद डॉ. अनिल तोमर ने कहा कि वह अपने वार्ड के सभी पार्कों में सबमर्सिबल पंप लगवाएंगे। उन्होंने कहा कि पार्क की सिविल वर्क जिसमें पार्क की बाउंड्री वॉल पैदल पथ को रिपेयर और पेंट का काम नारियल तोड़कर कार्य शुरू कराया गया है। इस मौके पर महापौर सुनीता दयाल, नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक और डॉक्टर अनुज कुमार सिंह हॉर्टिकल्चर हेड का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर आरडब्ल्यूए अध्यक्ष परविंदर यादव, राजीव रंजन, प्रदीप चौहान, डॉक्टर लीना तोमर आदि लोग मौजूद रहे।

रामलीला समितियों के नव-निर्वाचित पदाधिकारियों का सम्मान समारोह आयोजित

गाजियाबाद, करंट क्राइम। मिलन बैंक्वेट हॉल, गाज़ियाबाद में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें सुल्लामल रामलीला कमेटी घंटाघर एवं राजनगर रामलीला समिति के नव-निर्वाचित पदाधिकारियों का हृदयपूर्वक स्वागत एवं सम्मान किया गया। यह समारोह महानगर उद्योग व्यापार मंडल के तत्वावधान में संपन्न हुआ। आयोजन मंडल में महानगर उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष गोपीचंद, महामंत्री अशोक चावला, चेयरमैन बृजमोहन, विधानसभा अध्यक्ष सुनील गोयल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पवन शर्मा एवं मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष राजदेव त्यागी सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही। महानगर युवा व्यापार मंडल के अध्यक्ष मनोज गर्ग ने भी अपनी सहभागिता दर्ज

कराई। समारोह में सुल्लामल रामलीला कमेटी के नव-निर्वाचित अध्यक्ष अजय बंसल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजीव मित्तल, कनिष्ठ उपाध्यक्ष अनिल चौधरी, महामंत्री नरेश अग्रवाल, मंत्री प्रदीप मित्तल, कोषाध्यक्ष सुधीर गोयल (मोनू) एवं लेखा परीक्षक रविंद्र मित्तल का शॉल, माला एवं मोमेंटो भेंट कर सम्मान किया गया। साथ ही राजनगर रामलीला समिति के अध्यक्ष जयकुमार गुप्ता एवं उपाध्यक्ष अनिल जी (लोहे वालों) को भी विशेष रूप

से सम्मानित किया गया। यह गर्व का विषय है कि इन सभी रामलीला पदाधिकारियों की सक्रिय भूमिका व्यापार मंडल में भी है।

कार्यक्रम में व्यापार मंडल की ओर से शहर की विभिन्न इकाइयों के अध्यक्ष, महामंत्री एवं कोषाध्यक्ष भी उपस्थित रहे। सेक्टर 23 व्यापार मंडल से अध्यक्ष विपिन गोयल, महामंत्री हरीश गोयल एवं चेयरमैन प्रदीप गर्ग। सिहानी गेट व्यापार मंडल से अध्यक्ष अनुराग गर्ग। रमते राम रोड व्यापार मंडल से अध्यक्ष राकेश स्वामी। गोल मार्केट से राकेश बवेजा। डासना गेट से अध्यक्ष राजकुमार गर्ग एवं चेयरमैन प्रमोद गर्ग। गाजियाबाद मशीनरी संगठन से सुरेंद्र चानना। विजयनगर से वसीम अली एवं शिशुपाल वर्मा। नयागंज से प्रवीण एवं अजय गोयल। इनके अतिरिक्त अनेक अन्य व्यापारिक इकाइयों के पदाधिकारी एवं व्यापारी बंधु भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और कार्यक्रम को सफल बनाया।

पूर्व पार्षद ललित कश्यप बने वक्फ बोर्ड अभियान के संयोजक

गाजियाबाद, करंट क्राइम। भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने पूर्व पार्षद ललित कश्यप को वक्फ बोर्ड अभियान के संयोजक की जिम्मेदारी दी और साथ ही ललित कश्यप से उम्मीद जताई है कि वे मुस्लिम समाज में

वक्फ बोर्ड संशोधन विधेयक के बारे में जागरूक करेंगे। नवनियुक्त संयोजक ललित कश्यप ने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी दी है उस जिम्मेदारी को पूरी कर्तव्यनिष्ठा के साथ निभाएंगे। ललित कश्यप ने अपने जिले एवं महानगर की टीम के साथ पश्चिमी उत्तर प्रदेश के क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया का आभार जताते हुए धन्यवाद दिया है।

बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाना चाहिए : अजेंद्र चौधरी

गाजियाबाद, करंट क्राइम। सहसंयोजक महानगर प्रकोष्ठ भाजपा अजेंद्र चौधरी ने कहा कि कोलकाता के सरकारी अस्पताल में महिला डॉक्टर के साथ रेप और हत्या के मामले पर देशभर में प्रदर्शन हो रहे हैं। ऐसे में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को इस्तीफा दे देना चाहिए और पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगा देना चाहिए। पश्चिम बंगाल की जनता ममता बनर्जी को बिल्कुल भी पसंद नहीं कर रही है। आगामी चुनाव में ममता बनर्जी की हार निश्चित है और बीजेपी का आना निश्चित है।

डॉ. केएन मोदी ग्लोबल स्कूल में छात्राओं को किया जागरूक

मोदीनगर, करंट क्राइम। डॉ0 केएन मोदी ग्लोबल स्कूल में पुलिस यूनिट द्वारा कक्षा 8 व 9 की छात्राओं के लिए एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को आत्म.सुरक्षा, सतर्कता व महिला सुरक्षा से संबंधित आवश्यक जानकारियां प्रदान करना था। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता महिला थाना प्रभारी उषा मलिक रहीं, जिन्होंने छात्राओं को यह समझाया कि वे स्वयं की सुरक्षा किस प्रकार कर सकती हैं, किसी असहज स्थिति में उन्हें क्या कदम उठाने चाहिए और किस तरह की सहायता उपलब्ध है।

उन्होंने छात्राओं को आत्मविश्वास के साथ अपनी बात रखने और साहसपूर्वक किसी भी स्थिति का सामना करने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय की कार्यवाहक प्राचार्य श्रीमती पूजा शर्मा ने कार्यक्रम के लिए पिंक पुलिस यूनिट व थाना प्रभारी उषा मलिक का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम विद्यालयों में समय-समय पर होने चाहियें, ताकि छात्राएं न केवल शिक्षित हों बल्कि सामाजिक रूप से भी सजग और आत्मनिर्भर बन सकें। छात्राओं ने कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी दिखाई और अनेक प्रश्न भी पूछे, जिनका समाधान महिला थाना प्रभारी ने सरल एवं संवेदनशीलता से किया। इस सफल आयोजन के लिए स्कूल प्रबंधन ने पिंक पुलिस यूनिट का विशेष धन्यवाद किया।

न्यूज डायरी

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराक्ची से मुलाकात की

मास्को। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने गुरुवार को ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराक्ची से मुलाकात की। इस मुलाकात के बारे में क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने जानकारी दी है। दोनों नेताओं की ये मुलाकात इस सप्ताह के आखिर में मस्कट में होने वाली अमेरिकी-ईरानी परमाणु वार्ता के अगले दौर से पहले हुई है। दिमित्री पेसकोव ने जानकारी दी कि ईरानी विदेश मंत्री रूसी अधिकारियों के साथ आज सुबह मास्को पहुंचे। यहां शुक्रवार को वे अपने रूसी समकक्ष सर्गेई लावरोव के साथ द्विपक्षीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों की एक विस्तृत श्रृंखला पर चर्चा करेंगे। अब्बास अराक्ची के हवाले से ईरानी राज्य टेलीविजन ने बताया कि परमाणु मुद्दे के संबंध में, ईरान ने हमेशा अपने दोस्तों चीन और रूस के साथ घनिष्ठ परामर्श किया है। अब रूसी अधिकारियों के साथ ऐसा करने का यह एक अच्छा अवसर है।

दक्षिणी इटली में केबल कार दुर्घटना में 4 लोगों की मौत

नेपल्स। नेपल्स के दक्षिण में पर्यटकों को ले जा रही एक केबल कार गुरुवार को केबल टूटने के बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस हादसे में कम से कम चार लोगों की मौत हो गई और एक घायल हो गया। ये हादसा कैस्टेलमारे डि स्टेबिया शहर के मोंटे फेटो में हुआ। फिलहाल इटली का अल्पाइन बचाव दल रेस्क्यू ऑफरेशन चला रहा है।

पाक सुरक्षा बलों ने खैबर पख्तूनख्वा में चार आतंकवादियों को मार गिराया

पख्तूनख्वा। उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में खुफिया जानकारी के आधार पर एक अभियान में पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने चार आतंकवादियों को मार गिराया। पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा ने गुरुवार को इसे लेकर एक बयान जारी किया। इसमें कहा गया है कि सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों की कथित मौजूदगी पर डेरा इस्माइल खान जिले के मद्दी के सामान्य क्षेत्र में खुफिया जानकारी के आधार पर एक अभियान चलाया। इस दौरान मारे गए आतंकवादियों के पास से हथियार और गोला-बारूद भी बरामद किया गया।

अमेरिका में विमान के इंजन में लगी आग, सभी यात्री सुरक्षित

मैक्सिको। अमेरिका में साउथवेस्ट एयरलाइंस की फ्लाइट के इंजन में बृहस्पतिवार को आग लग गई। फ्लाइट ने मैक्सिको के कैबो सैने लुकास के लिए हॉबी एयरपोर्ट से उड़ान भरी थी, लेकिन आग के कारण फ्लाइट को करीब 11.15 बजे ह्यूस्टन एयरपोर्ट पर वापस लौटना पड़ा। ह्यूस्टन फायर डिपार्टमेंट के अनुसार, जब विमान उतरा, तो फायर फाइटर्स ने तुरंग आग बुझाई। साथ ही रनवे के पास घास में लगी छोटी सी आग को भी बुझाया। हादसे में किसी के घायल होने की खबर नहीं है। विमान में 134 यात्री सवार थे, जिन्हें क्रू ने बाहर निकालने में मदद की।

सैन्य सहयोग मजबूत करेंगे भारत-ब्रिटेन रक्षा क्षमता बढ़ाने पर भी मिलकर काम करेंगे

लंदन। रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने लंदन में ब्रिटिश समकक्ष डेविड विलियम्स के साथ 24वें भारत-ब्रिटेन रक्षा सलाहकार समूह की बैठक की सह-अध्यक्षता की। यह चर्चा द्विपक्षीय सैन्य सहयोग मजबूत करने और रक्षा क्षमता सहयोग को आगे बढ़ाने पर केंद्रित रही। बैठक में रक्षा सचिवों ने रक्षा उद्योग सहयोग के विस्तार और मेक इन इंडिया पहल को बढ़ावा देने पर फोकस करते हुए उभरती प्रौद्योगिकियों पर चर्चा की। इसी दौरान ब्रिटिश रक्षा मंत्रालय ने 22 अप्रैल को पोर्ट्समाउथ से रवाना होने वाले विमानवाहक पोत एचएमएस प्रिंस ऑफ वेल्स के लिए अंतिम तैयारियों की घोषणा भी की। इसमें भारत में नियोजित बंदरगाह यात्राएं भी शामिल हैं।

ईयू का भारतीय नौसेना संग साझा अभ्यास प्रस्ताव

ईयू। यूरोपीय नौसेना बल ऑपरेशन अटलांटा के ऑपरेशन कमांडर इग्नासियो विलानुएवा सेरानो ने वर्ष के अंत में भारतीय नौसेना के साथ साझा अभ्यास का प्रस्ताव रखा है। उन्होंने यह प्रस्ताव बृहस्पतिवार को भारत में ईयू प्रतिनिधिमंडल दूतावास में रखा। ऑपरेशन अटलांटा ईयू का सैन्य मिशन है। इसका उद्देश्य पश्चिमी हिंद महासागर और लाल सागर में समुद्री सुरक्षा मजबूत करना है। वह बोले, हिंद महासागर बेहद अहम है।

हार्वर्ड विवि को विदेशी छात्र प्रवेश रोकने की चेतावनी

वाशिंगटन। अमेरिकी गृह मंत्रालय ने हार्वर्ड विश्वविद्यालय को चेताया है कि यदि वह अंतरराष्ट्रीय छात्र वीजा धारकों की ह्यआवैध और हिंसकह्न गतिविधियों के बारे में 30 अप्रैल तक रिकॉर्ड उपलब्ध कराने में विफल रहता है तो विदेशी छात्रों को दाखिला देने की उसकी प्रक्रिया पर रोक लगा दी जाएगी। मंत्रालय ने हार्वर्ड विश्वविद्यालय को दिए गए 27 लाख डॉलर से अधिक के अनुदान को भी रद्द कर दिया है। हार्वर्ड के खिलाफ ट्रंप प्रशासन की यह ताजा कार्रवाई 2.2 अरब डॉलर के संघीय वित्त पोषण पर रोक लगाने के बाद की गई है क्योंकि विवि ने प्रशासन की मांगों की एक सूची को खारिज कर दिया था।

हवाई जहाज हाईजैक करने की कोशिश की, सहयात्री ने मारी गोली

वाशिंगटन। अमेरिका में एक युवक ने चाकू की नोंक पर हवाई जहाज को हाईजैक करने की कोशिश की। इस दौरान युवक ने तीन यात्रियों को घायल कर दिया। इस बीच एक सहयात्री ने आरोपी को गोली मार दी। घटना सैन पेड्रो के नजदीक बेलिज का है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। आरोपी अमेरिका का ही नागरिक है।

अमेरिका के हवाई हमले में यमन में 20 लोगों की मौत

वाशिंगटन। अमेरिका ने एक बार फिर यमन में हवाई हमले किए हैं। यह हमला यमन के तेल बंदरगाह पर किया गया। इस बंदरगाह पर हूती विद्रोहियों का कब्जा था। हूतियों ने कहा है कि अमेरिकी हवाई हमले में 20 लोग मारे गए हैं और 50 अन्य घायल हुए हैं। अमेरिकी सेना की सेंट्रल कमांड ने इस हमले की पुष्टि की है। ट्रंप प्रशासन में लगातार हूतियों पर हमले किए जा रहे हैं। पहली बार है कि किसी हमले में इतनी बड़ी संख्या में हूतियों की मौत हुई है।

खनिज सौदे को लेकर अमेरिका-यूक्रेन में आगे बढ़ी बातचीत

यूक्रेन। यूक्रेन के उप-प्रधानमंत्री ने बताया कि यूक्रेन और वॉशिंगटन में एक समझौते पर हस्ताक्षर हुए हैं। यह समझौता दोनों देशों के बीच होने वाले खनिज सौदे का शुरूआत चरण माना जा रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी कहा है कि अमेरिका और यूक्रेन में खनिज सौदा हुआ है और जल्द ही इस हस्ताक्षर होने वाला है।

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में विस्तार की वकालत

आईजीएन अध्यक्ष बोले- भारत सीट का प्रमुख दावेदार

संयुक्त राष्ट्र। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में विस्तार का मुद्दा एक बार फिर उठा है। यूएनएससी में सुधारों पर इंटरगवर्नमेंटल नेगोशिएशंस (क्कह्न) के अध्यक्ष तारिक अलबनई ने कहा कि अगर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में विस्तार होता है तो भारत सीट का प्रमुख दावेदार होगा। उन्होंने कहा कि सुधार परिषद का लक्ष्य प्रतिनिधित्वपूर्ण होना चाहिए। भारत आज वैश्विक मंच पर एक प्रमुख खिलाड़ी है। संयुक्त राष्ट्र 193 देशों का सदस्य है। यह विचार सभी के लिए और संयुक्त राष्ट्र के सभी सदस्यों के लिए प्रतिनिधित्वपूर्ण है।

अलबनई ने कहा कि यदि यह निर्णय लिया जाता है कि परिषद के सदस्यों की संख्या 21 से बढ़ाकर 27 की जाएगी, तो निश्चित रूप से भारत इसमें दावेदार होगा और व्यापक सदस्यता के निर्णय के अधीन होगा। सुधार की राह जटिल है, लेकिन हम आगे बढ़ने की दिशा में स्थिर और सार्थक कदम उठा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि 1965 में निर्वाचित सदस्यों की संख्या में वृद्धि के अलावा सुरक्षा परिषद का पहला दौर 80 वर्षों से अधिक समय तक चला है। सुधार के बाद परिषद जो भी रूप ले, उसे अगली सदी तक टिकने के लिए डिजाइन किया जाना चाहिए, जो समावेशिता, पारदर्शिता, दक्षता, प्रभावशीलता, लोकतंत्र और जवाबदेही के सिद्धांतों पर आधारित हो।

विस्तारित संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में कितने सदस्य होने चाहिए, इसके जवाब में संयुक्त राष्ट्र में कुवैत के स्थायी प्रतिनिधि अलबनई ने कहा कि इस पर अभी तक कोई निर्णय नहीं हुआ है, लेकिन जो संख्या बताई जा रही है वह 21 से 27 सदस्य देशों के बीच है। उन्होंने कहा कि भारत का रुख हमेशा से ही टेक्स्ट-आधारित वार्ता की ओर जल्द से जल्द बढ़ने का रहा है।

अलबनई ने कहा कि वे इस सत्र में सदस्य देशों द्वारा दिखाई गई गति से उत्साहित हैं। सुधार की भावना के लिए साहस और रचनात्मकता दोनों की आवश्यकता होती है, और सभी प्रतिनिधिमंडलों की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है क्योंकि हम सुरक्षा परिषद सुधार के मुख्य तत्वों पर आम सहमति बनाने के लिए काम कर रहे हैं।

अलबनई ने कहा कि वह यह नहीं बता सकते कि यह सुधार 2030 तक होगा या किसी अन्य वर्ष में। मैं इस बात को लेकर बहुत सकारात्मक हूं कि जो भी बाधाएं हैं, उन्हें तोड़ दिया जाना चाहिए, क्योंकि लोग समझ रहे हैं कि हमें कुछ अलग करने की जरूरत है और सदस्य देश यह समझ रहे हैं कि शांति और सुरक्षा, विकास और मानवाधिकारों सहित सभी मुद्दों से निपटने के लिए विश्व समुदाय के पास यही सहारा है। हम सभी एक बेहतर संयुक्त राष्ट्र बनाने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं। सुरक्षा परिषद में सुधार की प्रक्रिया इसका एक अभिन्न अंग है।

भारत कई बार कर चुका है सुरक्षा परिषद में सुधार की मांग

इसी सप्ताह संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि, पी. हरीश ने जी-4 देशों ब्राजील, जर्मनी, जापान और भारत की ओर से एक बयान में आईजीएन की बैठक में कहा कि मौजूदा संयुक्त राष्ट्र संरचना एक अलग युग की है, जो अब अस्तित्व में नहीं है तथा वर्तमान भू-राजनीतिक वास्तविकताएं इस संरचना की समीक्षा की मांग करती हैं। हरीश ने कहा कि सुरक्षा परिषद की सदस्यता को वर्तमान 15 से बढ़ाकर 25 या 26 करने की जरूरत है।संशोधित परिषद में 11 स्थायी सदस्य और 14 या 15 अस्थायी सदस्य होने चाहिए।

गाजा में इस्राइली हमलों में 17 लोगों की मौत

अमेरिकी राजदूत के तौर पर पहली बार दिखे हकाबी

गाजा। शुक्रवार को तड़के सुबह गाजा में इस्राइली हवाई हमलों में बच्चों समेत कम से कम 17 लोग मारे गए। इस्राइल की यह कार्रवाई तब सामने आई जब इस्राइल में अमेरिका के नए राजदूत ने येरुशलम में पहली बार सार्वजनिक रूप से उपस्थिति दर्ज कराई है।

इस्राइली का हमला क्यों तेज हुआ?

इस्राइल की तरफ से जबालिया शरणार्थी शिविर (उत्तर गाजा) में हमला किया गया। जहां एक ही घर से 8 लोगों सहित कुल 10 लोगों की मौत हुई। शवों को इंडोनेशियाई अस्पताल में लाया गया। दूसरा हमला खन युनुस (दक्षिण गाजा) में किया गया। यहां 7 लोगों की मौत हुई, जिसमें एक गर्भवती महिला भी शामिल थी। इस्राइली हमले ऐसे समय में हो रहे हैं जब इस्राइल हमास पर दबाव बढ़ा रहा है ताकि वह बंधकों को रिहा करे और आत्मसमर्पण कर दे। एक दिन पहले ही गाजा में 25 से अधिक लोग मारे गए थे।

अमेरिका के नए राजदूत की पहली यात्रा

माइक हक्काबी, जो कभी राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार भी रह चुके हैं, शुक्रवार को यरूशलम के पवित्र पश्चिमी दीवार पहुंचे। उन्होंने दीवार पर एक प्रार्थना पत्र भी डाला, उन्होंने कहा कि पत्र अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तरफ से लिखा गया था। उन्होंने मीडिया को वह पत्र दिखाते हुए कहा, 'ये उनके शुरूआती अक्षर हैं, ऊळ।' हक्काबी ने कहा कि ट्रंप ने उन्हें यह पत्र देकर यरूशलम की शांति के लिए प्रार्थना करने को कहा था। हक्काबी ने यह भी कहा कि अमेरिका हर संभव प्रयास कर रहा है ताकि बचे हुए बंधकों को हमास से छुड़ाया जा सके।

माइक हक्काबी पहले यह कह चुके हैं कि वे वेस्ट बैंक को इस्राइल में मिलाने और वहां के फलस्तीनियों को इस्राइली नागरिक बनाने का समर्थन करते हैं। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि यह अब उनके अधिकार क्षेत्र में नहीं है।

हमास के पास अभी भी 59 बंधक हैं, जिनमें से केवल 24 के जीवित होने की संभावना है। हमास कह रहा है कि वह बंधकों की रिहाई तभी करेगा जब इस्राइल सभी फलस्तीनी कैदियों को रिहा करे, गाजा से पूरी तरह हट जाए और एक स्थायी युद्धविराम लागू करे। वहीं इस्राइली रक्षा मंत्री ने कहा है कि यह नाकाबंदी हमास पर दबाव बनाने का मुख्य तरीका है।

ड्रैगन के खिलाफ ट्रंप प्रशासन की रणनीति

टैरिफ पर यूएस की नई योजना, कई देशों से कहेंगे कि चीन से व्यापार घटाएं

वांशिगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का प्रशासन टैरिफ पर बातचीत के अहम हिस्से के रूप में कई देशों से चीन के साथ व्यापार कम करने का आग्रह करने की तैयारी कर रहा है। उसकी योजना है कि वह चीनी विनिर्माण क्षमताओं को सीमित करने के लिए उपाय करें, ताकि बीजिंग को ट्रंप का टैरिफ दरकिनार करने के तरीके खोजने से रोका जा सके। इस बीच, बृहस्पतिवार को अमेरिका व जापान मंत्रिस्तरीय वार्ता में अमेरिकी टैरिफ पर अधिक चर्चा के लिए सहमत हो गए हैं।

जापान टाइम्स की एक रिपोर्ट के अनुसार, ट्रंप के मुख्य आर्थिक सलाहकार अन्य देशों से चीन के साथ घनिष्ठ संबंध रखने वाले देशों के साथ आयात पर द्वितीयक टैरिफ, अनिवार्य रूप से मौद्रिक दंड लगाने के प्रस्ताव पर विचार कर रहे हैं। इसका कारण अमेरिकी व्यापारिक भागीदारों को चीन से अतिरिक्त सामान लेने से बचने के लिए प्रोत्साहित करना है। यह पहल ट्रंप की टीम द्वारा चीन को घेरने के लिए सहयोगी एकजुटता की है।

ट्रंप और मेलोनी ने अमेरिका-यूरोप टैरिफ तनाव के बीच व्यापार पर भरोसा जताया

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और इतालवी प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी ने बृहस्पतिवार को अमेरिका-यूरोपीय संबंधों को प्रभावित करने वाले व्यापार तनावों को हल करने के बारे में उम्मीद जताई है। व्हाइट हाउस में दोपहर के भोजन से पहले ट्रंप से मेलोनी ने कहा, मुझे यकीन है कि हम एक समझौता कर सकते हैं। इसलिए मैं यहां आई हूं। वहीं, ट्रंप ने कहा कहा, हमें यूरोप या किसी अन्य के साथ समझौता करने में बहुत कम समस्या होगी, क्योंकि हमारे पास कुछ ऐसा है, जो हर कोई चाहता है।

टैरिफ युद्ध के बीच चीन-मलयेशिया में 31 समझौते

अमेरिका के साथ टैरिफ युद्ध के बीच चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की मलयेशिया यात्रा के दौरान दोनों देशों में कई समझौतों पर हस्ताक्षर हुए हैं। वियतनाम के बाद शी मलयेशिया पहुंचे हैं। उनकी यात्रा में कंबोडिया भी शामिल है। जिनपिंग ने यहां चीन-मलयेशियाई संबंधों के नए स्वर्ण युग की घोषणा भी की। मलयेशिया के राजा ने एआई सहित विभिन्न क्षेत्रों में चीन के साथ नए सहयोग की घोषणा की। मलयेशियाई संचार मंत्री फहमी फदजिल ने कहा, दोनों देशों में कुल 31 समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए, जो इतिहास की सबसे बड़ी उपलब्धि है।

जापान के साथ हुई बैठक बड़ी प्रगति : ट्रंप

इससे पहले बृहस्पतिवार को जापानी आर्थिक पुनरोद्धार मंत्री अकाजावा रयोसेई ने अमेरिकी समकक्षों के साथ व्यापार वार्ता का पहला दौर आयोजित किया। अकाजावा ने कहा, राष्ट्रपति ट्रंप ने संकेत दिया है कि शुल्कों पर जापान के साथ वार्ता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए। व्हाइट हाउस में एक सत्र में वार्ताकारों में खुद शामिल हुए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस बैठक को बड़ी प्रगति बताया। उन्होंने कहा, व्यापार पर जापानी प्रतिनिधिमंडल से मिलना एक बड़ा सम्मान था। अकाजावा ने अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट और व्यापार प्रतिनिधि जेमीसन ग्रीर से चर्चा में टैरिफ पर भी वार्ता की।

पंजाब में 14 धमाकों का मास्टरमाइंड

आतंकी हरप्रीत सिंह अमेरिका में गिरफ्तार

वांशिगटन। अमेरिका में रहने वाले आतंकी हरप्रीत सिंह उर्फ हैप्पी पासिया को गिरफ्तार कर लिया है। एफबीआई और अमेरिकी इमिग्रेशन विभाग ने उसे अपने शिकंजे में ले लिया है। वह पिछले छह महीनों में पंजाब में 14 आतंकी हमलों के लिए जिम्मेदार है। आतंकी भारत के सबसे वांछित आतंकियों में से एक है। उस पर 5 लाख रुपये का इनाम था। वह अभी आईसीई (इमिग्रेशन एंड कस्टम्स इंफोर्समेंट) की हिरासत में है। सूत्रों के मुताबिक, हैप्पी पासिया ने पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई और बब्बर खालसा इंटरनेशनल के साथ मिलकर आतंकी हमलों को अंजाम दिया। हैप्पी पासिया ने पंजाब के पुलिस प्रतिष्ठानों पर कई आतंकी हमले किए और सोशल मीडिया पर उनकी जिम्मेदारी ली।

एनआईए की चार्जशीट में था हैप्पी का नाम

इससे पहले 23 मार्च को राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने 2024 चंडीगढ़ ग्रेनेड हमला मामले में बब्बर खालसा इंटरनेशनल आतंकवादी संगठन के चार आतंकवादी गुर्गों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया था। आरोप पत्र दायर करने वाले आरोपियों में

पाकिस्तान स्थित नामित व्यक्तिगत आतंकवादी हरविंदर सिंह संधू उर्फ रिंदा और अमेरिका स्थित हरप्रीत सिंह उर्फ हैप्पी पासिया शामिल हैं। दोनों आतंकवादी हमले के पीछे मुख्य संचालक और साजिशकर्ता थे। उन्होंने ग्रेनेड हमले को अंजाम देने के लिए चंडीगढ़ में भारत स्थित जमीनी गुर्गों को रसद सहायता, आतंकी फंड, हथियार और गोला-बारूद मुहैया कराया था। सितंबर 2024 के हमले का मकसद पंजाब पुलिस के एक सेवानिवृत्त अधिकारी को निशाना बनाना था।

जांच से पता चला कि रिंदा ने हैप्पी पासिया के साथ मिलकर ग्रेनेड हमले के जरिए कानून प्रवर्तन अधिकारियों और आम जनता के बीच आतंक फैलाने की साजिश रची थी। उसका मकसद बीकेआई के आतंकवादी एजेंडे को बढ़ावा देना था। उन्होंने रोहन मसीह और विशाल मसीह नाम के स्थानीय गुर्गों की भर्ती की, जिन्हें उनके सीधे निर्देशों के तहत हमला करने का काम सौंपा गया था। जांच में पता चला कि रिंदा और हैप्पी ने अन्य आरोपियों रोहन मसीह और विशाल मसीह को ग्रेनेड फेंकने से पहले दो बार लक्ष्य की टोह लेने का निर्देश दिया था।

बीते दिसंबर में आतंकी मॉड्यूल को ध्वस्त किया गया

इससे पहले पिछले साल दिसंबर में पंजाब पुलिस ने बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) की ओर संचालित पाकिस्तान-आईएसआई समर्थित आतंकी मॉड्यूल को ध्वस्त कर दिया था, जिसे हरप्रीत सिंह उर्फ हैप्पी पासिया और शमशेर उर्फ हनी चला रहे थे। इसमें मास्टरमाइंड अभिजोत सिंह सहित इसके पांच सदस्यों की गिरफ्तारी भी शामिल थी। सभी बटाला और गुरदासपुर में दो पुलिस प्रतिष्ठानों पर हैंड ग्रेनेड फेंकने में शामिल थे।

हमास सभी इस्राइली बंधकों को रिहा करने को तैयार, क्या थमेगी जंग की आग?

हमास। इस्राइल और हमास के बीच जारी जंग थमती नहीं दिख रही है। गाजा पट्टी के लोगों को नेतन्याहू के कहर का सामना करना पड़ रहा है। इस बीच, हमास ने गाजा क्षेत्र में युद्ध की समाप्ति का संकेत दिया है। हमास के गाजा प्रमुख खलील अल-हय्या ने एक व्यापक समझौते का प्रस्ताव रखा है। खलील अल-हय्या का कहना है कि हमास इस्राइली जेलों में बंद फलस्तीनी लोगों की एक निश्चित संख्या के बदले में इस्राइली बंधकों को रिहा करने को तैयार है। खलील ने कहा कि वह यह समझौता करने के लिए तत्काल राजी हैं।

इस्राइल के साथ अप्रत्यक्ष वार्ता के लिए हमास वार्ता दल का नेतृत्व करने वाले खलील अल-हय्या ने टेलीविजन पर दिए भाषण में कहा कि समूह ने अंतरिम युद्धविराम समझौते से इनकार कर दिया है।

हमास के गाजा प्रमुख खलील अल-हय्या ने टेलीविजन पर दिए गए एक बयान में कहा कि हमास गाजा में किसी भी आंशिक युद्ध विराम प्रस्ताव को स्वीकार नहीं करेगा। उन्होंने कहा

कि इस्त्रराइली पीएम नेतन्याहू आंशिक समझौतों का प्रयोग अपने राजनीतिक एजेंडे को छिपाने के लिए करते हैं। हम इस नीति में भागीदार नहीं होंगे। इसके साथ ही उन्होंने इस्राइल के 10 जीवित बंधकों की रिहाई के बदले में कम से कम 45 दिनों का युद्ध विराम का प्रस्ताव भी खारिज कर दिया। हमास के प्रमुख वातार्कार खलील अल-हय्या ने कहा कि हमास गाजा क्षेत्र में पूर्णतया शांति और इस्राइल की जेल में बंद फलस्तीनियों के बदले सभी बंधकों को रिहा करने का एक व्यापक प्रस्ताव चाहता है। खलील अल हय्या ने कहा कि हमास ऐसे व्यापक प्रस्ताव पर तुरंत वार्ता के लिए भी तैयार है।

इस्राइल के प्रस्ताव में क्या?

खलील अल हय्या ने हाल ही में जानकारी दी थी कि उन्हें एक नया इस्राइली प्रस्ताव मिला था। इस प्रस्ताव में गाजा में बंधक बनाए गए 10 जीवित बंधकों की रिहाई के बदले में कम से कम 45 दिनों का युद्ध विराम शामिल है। साथ ही इसमें इस्राइली जेलों से 1,231 फिलिस्तीनी कैदियों की रिहाई और क्षेत्र में मानवीय सहायता के लिए रास्ता देने का भी प्रावधान है।

हमास के अधिकारी ने कहा कि प्रस्ताव में इस शर्त पर युद्ध को स्थायी रूप से समाप्त करने की बात कही गई है कि हमास सहित गाजा में फिलिस्तीनी गुट निरस्त्रीकरण करेंगे। बता दें कि हमास ने निरस्त्रीकरण की मांग को हमेशा खारिज किया है।

गाजा पट्टी में इस्राइल के हवाई हमले लगातार जारी हैं। गाजा पट्टी में गुरुवार रात को हुए हमलों में एक परिवार के 10 लोग समेत 23 की मौत हो गई। वहीं गाजा में पिछले छह सप्ताह से खाद्य आपूर्ति बंद होने पर संयुक्त राष्ट्र ने चिंता जताई है। इसके चलते गाजा पट्टी में लोगों को खाना नहीं मिल पा रहा है। कई जगह तो पानी तक का संकट है।

संयुक्त राष्ट्र ने कहा कि गाजा पट्टी अब 18 महीनों में सबसे खराब मानवीय संकट का सामना कर रही है। नॉर्वेजियन रिफ्यूजी काउंसिल की प्रवक्ता शाइना लो ने कहा कि गाजा में ज्यादातर लोग अब दिन में सिर्फ एक बार भोजन कर पा रहे हैं। यह जरूरत से बहुत कम है। इसके अलावा गाजा में पानी की कमी बढ़ती जा रही है। फलस्तीनी लोग ट्रकों से जेरी कैन भरने के लिए लंबी लाइनों में खड़े हैं। स्थानीय जल उपयोगिता के एक अधिकारी उमर शतत ने कहा कि लोगों को प्रतिदिन छह या सात लीटर पानी ही मिल रहा है, जो बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के लिए आवश्यक मात्रा से काफी कम है।

भारतवंशी वैज्ञानिक दावा- सौरमंडल से बाहर जीवन के संकेत मिले, दूर के ग्रहों को करीब से देखा

नई दिल्ली। भारतीय मूल के खगोल वैज्ञानिक डॉ. निक्कू मधुसूदन के नेतृत्व में शोधकताओं की एक टीम ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि उन्हें हमारे सौरमंडल से बाहर एक विशाल ग्रह पर जीवन के संकेत मिले हैं। ये अब तक के सबसे मजबूत संकेत हैं। यह ग्रह पृथ्वी से 120 प्रकाश वर्ष दूर एक तारे की परिक्रमा करता है। वैज्ञानिकों ने इसे के2-18बी नाम दिया है। उन्होंने कहा, हमारी टीम की सबसे अच्छी व्याख्या यह है कि यह ग्रह एक गर्म महासागर से ढका हुआ है और यहां सक्रिय रूप से जीवन है।

इस बाहरी ग्रह के वायुमंडल का विश्लेषण बताता है कि पृथ्वी पर एक अणु की प्रचुरता है, जिसका केवल एक ही ज्ञात स्रोत (समुद्री शैवाल) है। कैम्ब्रिज विवि के खगोलशास्त्री व नए अध्ययन के लेखक निक्कू मधुसूदन ने कहा, समय पूर्व यह दावा किसी के हित में नहीं है कि हमने जीवन का पता लगा लिया है, लेकिन हम इसके संकेतों

के काफी नजदीक पहुंच चुके हैं, यह एक क्रांतिकारी क्षण है। पहली बार मानवता ने रहने योग्य ग्रह पर जैविक लक्षण देखे हैं। यह शोध एस्ट्रोफिजिकल जर्नल लेटर्स में छपा है। वैज्ञानिकों ने पाया कि के2-18बी ग्रह में कई अणु हैं। उन्होंने एक अणु के फीके संकेत भी पाए व एक बहुत ही अहम अणु डाइमिथाइल सल्फाइड पाया है, जो सल्फर, कार्बन और हाइड्रोजन से बना है।

दूर के ग्रहों को करीब से देखा

2021 में मधुसूदन व उनके सहयोगियों ने प्रस्तावित किया कि उप-नेप्च्यून गर्म पानी के महासागरों से ढके हुए थे और हाइड्रोजन, मीथेन और अन्य कार्बन यौगिकों वाले वायुमंडल में लिपटे हुए थे। इन अजीब ग्रहों का वर्णन करने के लिए उन्होंने हाइड्रोजन और महासागर शब्दों के संयोजन से एक नया शब्द हाइसीन गढ़ा। दिसंबर 2021 में जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप के लॉन्च ने खगोलविदों को उप-नेप्च्यून व अन्य दूर के ग्रहों को करीब से देखने का मौका दिया।

जब कोई एक्सोप्लैनेट (सौर मंडल से बाहर का ग्रह) अपने मेजबान तारे के सामने से गुजरता है, तो उसका वायुमंडल प्रकाशित होता है। इसकी गैसें वेब टेलीस्कोप तक आने वाले तारों के प्रकाश का रंग बदल देती हैं। इन बदलती तरंगदैर्घ्यों का विश्लेषण करके, वैज्ञानिक वायुमंडल की रासायनिक संरचना का अनुमान लगा सकते हैं। बता दें, पृथ्वी पर डाइमिथाइल सल्फाइड का एकमात्र जीवन का ज्ञात स्रोत समुद्री शैवाल हैं।

एचआरआईटी यूनिवर्सिटी में दो दिवसीय नेक्टर वार्षिक महोत्सव का आयोजन

कुलाधिपति डॉ. अनिल अग्रवाल ने सभी प्रतिभागियों को सफलता का मार्ग दिखाया

गाजियाबाद, करंट क्राइम। एचआरआईटी यूनिवर्सिटी में नेक्टर वार्षिक महोत्सव के पहले दिन का आयोजन बड़े ही उत्साह और जोश के साथ किया गया। इस अवसर पर दीप प्रज्वलन समारोह के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ, जिसमें माननीय कुलाधिपति डॉ. अनिल अग्रवाल, उप कुलाधिपति डॉ. अंजुल अग्रवाल, प्रबंध निदेशक डॉ. वैशाली अग्रवाल और कुलपति डॉ. डीके शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।

कुलाधिपति डॉ. अनिल अग्रवाल ने सभी प्रतिभागियों को सफलता का मार्ग दिखाया और कहा कि नेक्टर महोत्सव जैसी गतिविधियाँ छात्रों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने कहा की विश्वविद्यालय सिर्फ एक शिक्षा का केंद्र नहीं है बल्कि यह विद्यार्थियों के सपनों को आकार देने और उन्हें हकीकत में बदलने का स्थल है। इस तरह के आयोजन विद्यार्थियों को अपनी असली ताकत एवम अपनी छिपी हुई क्षमताओ को पहचानने और उन्हें निखारने का अवसर भी प्राप्त कराते हैं। इस अवसर पर कुलपति डॉ. डीके शर्मा ने छात्रों को संबोधित किया और उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। उपकुलाधिपति डॉ. अंजुल अग्रवाल ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत करें और कभी हार न मानें।

महोत्सव के पहले दिन विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें साहित्यिक प्रतियोगिता, एकल नृत्य, समूह नृत्य, फैशन शो, नुक्कड़ नाटक आदि शामिल थीं। इन गतिविधियों में छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर प्रतिभाशाली छात्रों को पुरस्कार वितरण भी किए गए।

नेक्टर वार्षिक महोत्सव के आयोजन से छात्रों को अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करने और अपने कौशल को विकसित करने का अवसर मिलेगा। हमें विश्वास है कि यह महोत्सव छात्रों के लिए एक यादगार अनुभव होगा। आज अंतिम दिन पंजाबी/बॉलीवुड गायिका सुनंदा शर्मा की लाइव परफॉरमेंस होगी, जिसको लेकर छात्र/ छात्राओं में काफी जोश है ।

इंटर जोन चैंपियनशिप मुकाबले में नॉर्थ जोन विजयी घोषित

गाजियाबाद, करंट क्राइम। बोर्ड ऑफ वेटरन क्रिकेट इन इंडिया द्वारा हरिद्वार में आयोजित इंटर जोन चैंपियनशिप के उद्घाटन मुकाबले में नॉर्थ जोन ने साऊथ जोन को 59 से हराया। अमरदीप सोनकर मैन आफ द मैच व नावेद मिश्रा बेस्ट बालर बने। दूसरे मुकाबले में सेंट्रल जोन ने ईस्ट जोन को 7 विकेट से हराया। ईस्ट जोन ने 1 विकेट पर 136 रन बनाए।

जवाब में सेंट्रल जोन 17.3 ओवर में 137 रन बनाकर जीत दर्ज की। भानू सेठ मैन द मैच बने। उद्घाटन समारोह बीवीसीआई अध्यक्ष प्रवीण त्यागी, स्पोर्टस सेकेटरी आईपीएस अमित सिन्हा भारतीय खिलाड़ी प्रवीण कुमार,उपाध्यक्ष , रविन्द्र त्यागी, एम डी वी वी आई पी विभोर त्यागी राजीव त्यागी राजिन्दर त्यागी ,प्रवीण श्रीवास्तव, नायर जी ,दुष्यन्त त्यागी, अतुल शर्मा विश्वजीत सिंह ,दीपक त्यागी , अमन बोहरा तेजवीर आलोक आदि उपस्थित रहे।

क्यों कहा कहने वाले ने कि वो पूरे प्रताप से करते हैं बहुत ही खूबसूरत चलचित्र तैयार? ये चलचित्र या तो किस्मत खोल देता है, या फिर कर देता है सामने वाले का बंटाधार? कहने वाले ने कहा– एक शख्स को मिलने वाला था कभी मजबूत वाला किरदार? मगर, चलचित्र की वजह से नहीं हो पाया बेड़ापार? कहने वाले ने कहा– आप अब ज्यादा समझो या थोड़ा? मगर बिरादरी वाले ने बिरादरी वाले के अरमानों को कुछ इस तरह से ही था तोड़ा?

क्यों कहा कहने वाले ने कि वक्फ की जिम्मेदारी देखने वाले कश्यप जी को यूं ही नहीं मिला है ये किरदार? कहने वाले ने कहा– वैसे तो वो खुद ही बहुत मेहनती हैं, मगर भगवा वालों का द यूनियन वालों के आशीर्वाद से ही होता है बेड़ापार? कहने वाले ने कहा– उनकी स्टोरी में किसी ने निभाया है भाई वाला साथ? कहने वाले ने कहा– आगे भी उनके मजबूत रहने हैं हालात? संभालकर रख लेना इस प्रश्न को अगर, नहीं बनें उनकी बात? अभी तो हुई बस उनकी तरक्की की नॉर्मल वाली ही शुरूआत?

क्यों कहा कहने वाले ने कि द यूनियन का एक चेहरा इन दिनों खुद को मानकर चल रहा है खुद को महानगर का पदाधिकारी? इसे लग रहा है इनके भैया दिलवा देंगे इनको जिम्मेदारी? मगर, सुना है संगठन के सिरमौर से नहीं है इनकी अच्छी बात? हमने इनके मुख से सिरमौर की ताजपोशी से पहले सुनी थी खिलाफत वाली बात? ये भले ही देखें कितने ही सपने, हमें पता है, वो कुछ भी नहीं आने देंगे इनके हाथ?

क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा वाले गौतम जी वकालत वाले चुनाव में कर रहे थे नीले वाले गौतम जी का सहयोग? हम देख रहे थे वो पूरी शिद्दत से कचहरी में पहुंचकर बना रहे थे उनका योग? कहने वाले ने कहा– हमको ये बात बिल्कुल भी नहीं हो रही है बर्दाश्त? वो अगर भगवा है तो उन्हें देना चाहिए बिरादरी से ऊपर पार्टी का साथ? कहने वाले ने कहा–गौतमजी आदमी हैं बहुत सुशील? हम चाहते हैं, वो जिस गौतम चेहरे का कर रहे थे चुनाव में समर्थन? वो उनको भाजपा ज्वाइन कराकर विरोधियों की जुबान पर ठोंक दें कील?

क्यों कहा कहने वाले ने कि इन दिनों भाजपा के पूर्व भगवा कमिश्नर के साइकिल पर सवार होने की चर्चाएं हो रही हैं बहुत ज्यादा आम? कहने वाले ने कहा– विधायक जी ने अगर अपने प्रिय प्रधान के दर्द को समझा होता, तो वो नहीं देता इस कार्य को अंजाम? जिले के एक महान मंत्री के दखल से वो हो गया था बहुत ज्यादा परेशान? सुना है ये महान मंत्री उसके कार्यों में डालते थे काफी ज्यादा व्यवधान? इसलिये कह दिया किसने भगवा वालों को अलविदा? किसके दर्द की दास्तां नूरपुर, जलालाबाद और मटियाला वाले भी कर सकते हैं बयान?

क्यों कहा कहने वाले ने कि किसी ने भगवा तितौरिया का दिल ऐसा तोड़ा? मौहल्ले में कोई भी काम उनके लिये नहीं छोड़ा? सुना है कैंसिल कराने वालों ने करा दिये उनके क्षेत्र के सभी विकास वाले काम? पता चला है जबसे ऐसा हुआ, तब से मिस्टर तितौरिया हैं बहुत ज्यादा परेशान? हर किसी से वो कर रहे हैं अपने दर्द-ए-दिल की बात? कहने वाले ने कहा– एक बार वो ताकतवर लेडी से बात करके तो देखें? क्या पता फिर बन जाए उनकी बात?

क्यों कहा कहने वाले ने कि इधर तितौरिया जी मोहल्ले के काम कैंसिल होने से दिख रहे हैं दुखी? वहीं मिस्टर निगम दिख रहे हैं इन दिनों बहुत ज्यादा सुखी? सुना है, लाने वालों ने उनके मोहल्ले में ला दी है विकास की बयार? सुना है, उनके क्षेत्र में काम हो रहे हैं जोरदार? कहने वाले ने कहा– उनको फल रहा है ताकतवर मैडम का आशीर्वाद? अगर, प्रस्ताव जनहित से जुड़े हों तो मैडम भी एक झटके में कर देती हैं उनको पास?

क्यों कहा कहने वाले ने कि हमें अक्सर कंफ्यूज करता है चौधरी साहब का रूप? मगर, ये भी सच है कि वो आदमी हैं खूब? जिसके हैं उसका निभाते हैं शिद्दत से साथ? मगर, हमको हैरान कर रही है उनकी खाकी वालों से मिलकर बधाई देने वालों की मुलाकात? सुना है, उनके खास इन खाकी वालों से एक हाल ही में ले रहे थे लोहा? फिर समझ नहीं आ रहा चौधरी साहब ने फिर पढ़ा अधिकारी की तारीफ में दोहा? कहने वाले ने कहा– चौधरी साहब की हर अदा में छुपा होता है, कोई ना कोई संदेशा? यूं ही अक्सर आश्चर्यचकित करता रहता है सबको उनका फेस?

क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा कमांडर और पहलवान के बीच है बहुत ज्यादा प्यार? अक्सर कमांडर जिसको देते हैं बधाई, उस बधाई में देते हैं पहलवान भी दीदार? वो भी करते हैं फेसबुक पर जाकर उस चेहरे को विश? मगर, हम देख रहे हैं भगवा कमांडर के प्रिय क्रांतिकारी त्यागी के लिये नहीं निकाली पहलवान ने मीठे शब्दों की डिश? नहीं दी उन्होंने क्रांतिकारी त्यागी को बधाई? दूरियों का अंदाज कुछ ऐसे भी पेश किया जाता है भाई?

क्यों कहा कहने वाले ने कि गाजियाबाद की राजनीति में इन दिनों चल रहा है इस तरह का विचार? क्यों नहीं हो रहे हैं यहां पर जनरली दीदी के दीदार? कहने वाले ने कहा– उनकी जब-जब होती है गाजियाबाद में दस्तक? तब-तब साहब के समर्थकों का हौंसला बढ़ जाता है यार? कहने वाले ने कहा– जरूर दीदी किसी ना किसी महत्वपूर्ण कार्य में व्यस्त हैं? आज नहीं तो कल उनका जरूर नजर आएगा फिर से मजबूत वाला किरदार?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।

गरीब कन्याओं का विवाह कराना बड़ा पुण्य का काम : नरेंद्र कश्यप

श्रीनाथ होटल एंड बैंक्विट में आयोजित किया गया सामूहिक विवाह समारोह

गाजियाबाद, करंट क्राइम : कवि नगर महिला मंडल के द्वारा सामाजिक समरसता को बढ़ाने और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की महिलाओं की जिंदगी को संवारने के लिए शुक्रवार को श्रीनाथ बैंक्विट हॉल गाजियाबाद में निशुल्क विवाह समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में युवतियों की शादी कराई गई। जिसमें कोई दहेज नहीं लिया गया। साथ ही उनके जीवन गुजारने के लिए उन्हें उपहार ,सम्मान और सामान दिया गया। साथ ही सभी विवाह कार्यक्रम में आए अतिथियों को भोजन भी वितरित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप, भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल और मंत्री प्रतिनिधि सौरभ जयसवाल बतौर अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। सभी ने वर वधु को आशीर्वाद दिया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री और कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे नरेंद्र कश्यप ने कहा है कि युवतियों का निशुल्क विवाह कराना सबसे बड़ा पुण्य का काम है। उन्होंने कहा कि कवि नगर महिला मंडल द्वारा यह बहुत ही सराहनीय कार्य किया गया है।

गरीब आय वर्ग की कन्याओं का निशुल्क और बिना दहेज वाला विवाह कराकर एक सामाजिक संदेश देने का काम किया गया है। तो वही समाज के अन्य लोगों को भी इस और कदम उठाना चाहिए।

बिना दहेज के किए गए विवाह : कवि नगर महिला मंडल द्वारा आयोजित निशुल्क और गरीब वर्ग के लिए आयोजित कन्या विवाह का सबसे खास बात यह थी कि बिना दहेज के विवाह किए गए।

सभी जोड़ों को उपहार ,वस्त्र ,जरूरत का सामान भी निशुल्क वितरित किया गया है। भोजन एवं परिवार से संबंधित वस्तुओं की व्यवस्था आयोजको के द्वारा की गई थी। जिसमें सभी धर्म और सभी जातियों को खुला निमंत्रण था। इस कार्य में कवि नगर महिला मंडल की महिलाओं के साथ ही समाज के अन्य वर्ग के लोगों ने भी सहयोग किया है।

इन महिलाओं का रहा विशेष योगदान : कन्याओं का निशुल्क विवाह कराना उनकी तमाम व्यवस्था और तैयारी करने में मुख्य रूप से कवि नगर महिला मंडल की प्रोग्राम चेयरपर्सन रुचि बिंदल, अंजू अग्रवाल, अनामिका अग्रवाल, अंजू सोनी, सीमाक्षी जायसवाल, पूनम तायल व झरना गर्ग एवं समस्त कवि नगर महिला मंडल गाजियाबाद का महत्वपूर्ण सहयोग और योगदान रहा।

जारी है निगम की प्रकाश व्यवस्था को सुदृढ़ करने की मुहिम

मोहन नगर से लेकर अप्सरा बॉर्डर तक लगाए गए 25 नए बिजली के पोल



गाजियाबाद, करंट क्राइम। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देश अनुसार गाजियाबाद नगर निगम प्रकाश विभाग द्वारा मुख्य मार्गों के साथ-साथ आंतरिक वार्डों में भी प्रकाश व्यवस्था को सुदृढ़ करने का कार्य किया जा रहा है जिसके क्रम में प्रतिदिन वार्डों में लाइटों की मरम्मत का कार्य,नई लाइटों को लगाने का कार्य, व अन्य आवश्यकता को देखते हुए कार्य कराए जा रहे हैं। प्राप्त शिकायतों के निस्तारण के क्रम में भी लाइटों की व्यवस्था को सुदृढ़ किया जा रहा है, समय से लाइटों का चालू होना तथा बंद होना प्रबल मॉनिटरिंग के क्रम में जारी है।

इंदिरापुरम क्षेत्र में लगाई जाएंगी आकर्षक लाइटें : नगर आयुक्त

नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि गाजियाबाद नगर निगम सीमा अंतर्गत जहां रूटीन में लाइटों का मरम्मत कार्य चल रहा है वहीं अन्य क्षेत्रों में भी आवश्यकता को देखते हुए नई लाइट लगाने का कार्य भी गाजियाबाद नगर निगम प्रकाश विभाग द्वारा किया जा रहा है। महापौर तथा जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में प्राप्त शिकायतों का अविलंब निस्तारण कराया जा रहा है। इंदिरापुरम के क्षेत्र में भी आगामी दो माह के भीतर लाइट व्यवस्था को बहुत अधिक सुदृढ़ किया जाएगा जिसकी प्लानिंग चल रही है, जिसके क्रम में नए पोल, नई लाइट, तथा डिजाइनिंग और आकर्षक लिए भी लगाई जाएगी।

मुख्य मार्गों के साथ-साथ आंतरिक वार्डों में भी निगम की प्रकाश व्यवस्था सुदृढ़

अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव द्वारा बताया गया कि मोहन नगर से लेकर अप्सरा बॉर्डर तक जहां पर आवश्यकता है वहां नए पोल लगाकर लाइट व्यवस्था का सुदृढ़ किया जा रहा है। गैप को देखते हुए 25 पोल मांगे गए हैं जिनको लगाने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। मुख्य मार्गों के साथ-साथ आंतरिक वार्डों में भी निगम की प्रकाश व्यवस्था सुदृढ़ की जाएगी। विशेष रूप से लाजपत नगर साहिबाबाद मुख्य मार्ग से लेकर औद्योगिक क्षेत्र के बाहर अप्सरा बॉर्डर तक लाइट व्यवस्था को बेहतर करने के लिए 8 मीटर लंबे पोल लगाए जा रहे हैं जो कि जिलाधिकारी को प्राप्त हो रही शिकायतों के निस्तारण के क्रम में लगाए गए हैं।

अनुसूचित वर्ग के बीच 10 दिनों तक जनसंपर्क अभियान चलाएगी भाजपा

अभियान का उद्देश्य समाज को भाजपा की नीतियों एवं योजनाओं से जोड़ना : महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल

गाजियाबाद, करंट क्राइम। भारतीय जनता पार्टी महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल के नेतृत्व में भाजपा आगामी 10 दिनों तक भारत रत्न डॉक्टर भीमराव रामजी अंबेडकर सम्मान अभियान के तहत अनुसूचित बस्तियों में विशेष जनसंपर्क अभियान चलाएगी। इस अभियान के अंतर्गत पार्टी के वरिष्ठ नेता घर-घर जाकर मोदी सरकार द्वारा अनुसूचित वर्ग के सम्मान और उत्थान के लिए किए गए कार्यों की जानकारी देंगे तथा एक विशेष पुस्तिका का वितरण करेंगे। अध्यक्ष मयंक गोयल ने जानकारी देते हुए बताया कि इस अभियान का उद्देश्य समाज को भारतीय जनता पार्टी की नीतियों एवं योजनाओं से जोड़ना है।

30 वरिष्ठ भाजपा नेता संभालेंगे जनसंपर्क अभियान की कमान

करंट क्राइम। महानगर की तीनों विधानसभाओं में समाज के प्रभावित महत्वपूर्ण बूथों पर अभियान के संचालन के लिए समर्पित नेताओं को सूची बद्ध किया गया है, जिसमें 30 वरिष्ठ भाजपा नेता अपने-अपने क्षेत्रों में अभियान की कमान संभालेंगे। जिनमें अतुल गर्ग सांसद,सुनीता दयाल महापौर, सुनील शर्मा कैबिनेट मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार, मयंक गोयल महानगर अध्यक्ष, नरेन्द्र कश्यप राज्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार, संजीव शर्मा विधायक गाजियाबाद, अजीत पाल त्यागी विधायक मुरादनगर, दिनेश गोयल एमएलसी स्नातक,अनिल अग्रवाल पूर्व राज्यसभा सांसद, रमेश चंद तौमर पूर्व सांसद, मानसिंह गोस्वामी क्षेत्रीय उपाध्यक्ष, कृष्णवीर सिरौही पूर्व विधायक, रूप चौधरी पूर्व विधायक,आशु वर्मा पूर्व महापौर,आशा शर्मा पूर्व महापौर, राजा वर्मा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष किसान मोर्चा ,एस. पी. सिंह पूर्व महानगर अध्यक्ष, पृथ्वी सिह प्रदेश कार्यसमिति सदस्य,पवन गोयल प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, डॉ० वीरेश्वर त्यागी पूर्व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, अजय शर्मा पूर्व महानगर अध्यक्ष, अशोक त्यागी पूर्व जिलाध्यक्ष मेरठ , सुरेश कश्यप पूर्व एएममलएसी, अमरदत्त शर्मा पूर्व महानगर अध्यक्ष महेश अग्रवाल पूर्व जिलाध्यक्ष, अरविन्द भारती पूर्व जिलाध्यक्ष, संजय कश्यप एनजीओ प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक, राजीव त्यागी ब्लाक प्रमुख मुरादनगर, राहुल चौधरी डेनी ब्लाक प्रमुख रजापुर, राजीव शर्मा पूर्व उपाध्यक्ष निगम कार्यकारणी कमान संभालेंगे। इन सभी का क्षेत्र के हिसाब से अनुसूचित वर्ग के लोगों के साथ बैठना है।

चिन्टू जी

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। जन्मदिन एक ऐसा दिन होता है जब अपने यह एहसास करातेहैं कि आप कितने खास हैं। दीप्ति अरोड़ा ने रिचा भदोरिया के जन्मदिन पर उनको स्पेशल बधाई दी। उनके उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। उन्होंने अपनी इस खुशी को फेसबुक पर साझा किया। जन्मदिन की यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।